हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, रविवार 18 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 22.8 डिग्री
न्यूनतम 3.00 डिग्री

12 अंबालाः कमाई के मामले में रेलवे ने तोड़े रिकॉर्ड



12 'हरित संकल्प उपवन' पर्यावरण संरक्षण ...



## खबर संक्षेप

### लापता अधेड़ व्यक्ति का शव नहर से बरामद

**कुरुक्षेत्र।** पिछले छह दिनों से लापता अधेड़ व्यक्ति का शव किरमिच गांव के पास से नरवाना ब्रांच नहर से बरामद हुआ। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे गोताखोर प्रगट सिंह ने शव को नहर से निकालकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान करवाई। मरने वाले की पहचान 52 वर्षीय पवन कुमार निवासी 7बी कॉलोनी कुरुक्षेत्र के रूप में हुई। पवन कुमार 11 जनवरी से लापता था। पुलिस ने शव को एलएनजेपी अस्पताल की मॉर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### घर से चुराई 50 हजार की नकदी व आभूषण

**यमुनानगर।** गांव कालावड में चोरों ने दिनदहाड़े सूने घर में घुसकर 50 हजार रुपये की नकदी समेत लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कालावड़ निवासी अंग्रेज सिंह ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 15 जनवरी को शाम पांच बजे किसी काम से घर से बाहर गया था। कुछ देर के बाद जब वह वापस लौटा तो घर में अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 50 हजार कैश, सोने की चार अंगूठियां, एक जोड़ी पाजेब व अन्य सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मंदिर का गुल्लक तोड़कर 50 हजार की राशि चोरी

**यमुनानगर।** गांव जठलाना माजरी निवासी हरदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव में ही रविदास मंदिर बना हुआ है। चोरों ने 15 जनवरी की रात को रविदास मंदिर में घुसकर गुल्लक तोड़कर 50 हजार रुपये की राशि चोरी कर ली। जब सुबह श्रद्धालु मंदिर में माथा टेकने के लिए गए तो उन्हें मंदिर का गुल्लक टूटा मिला। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सबके सहयोग से मनाया जाएगा सरस्वती महोत्सव

**पिहोवा।** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2026 पूरी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के सफलता पूर्वक आयोजन में सभी का सहयोग शामिल होगा। धुमन सिंह ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की तर्ज पर अअंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2026 को मनाया जाएगा। यह महोत्सव 19 जनवरी से आरंभ होगा, जिसकी शुरूआत मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी द्वारा आदिबद्री से की जाएगी।

### मोबाइल लूटने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज डण्डों बिण्डों से डरा धमकाकर मोबाइल लूटने के मामले में 16 जनवरी 2026 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी गुलशन, हैप्पी निवासी गांव ढकौला थाना साहा अंबाला व कर्म सिंह निवासी बीहटा थाना साहा अम्बाला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### नवोदय विद्यालय कौलां की प्रवेश परीक्षा 7 को

**अंबाला।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कौलां, जिला अंबाला में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं एवं 11वीं में समानांतर प्रवेश हेतु परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:45 बजे तक विद्यालय परिसर में होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं।

## कृषि मंत्री ने की एनएचएआई के अधिकारियों, ग्रामीणों और किसानों के साथ बैठक

# किसानों की समस्याओं का समाधान करना सरकार की पहली प्राथमिकता

*शामली-अंबाला एनएच से गांव पोटली के नजदीक अंडरपास बनाए जाने पर की चर्चा*

*सरकार का ध्यान किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और कृषि को एक लाभदायक उद्यम बनाने पर केंद्रित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य व पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है। किसानों की समस्याओं का समाधान करना सरकार तथा उनकी सबसे पहली प्राथमिकता है। उन्होंने उक्त शब्द जिला सचिवालय के उपायुक्त कार्यालय में शामली-अंबाला नेशनल हाईवे से गांव पोटली के नजदीक अंडरपास बनाए जाने को लेकर आयोजित एनएचएआई के अधिकारियों, ग्रामीणों व किसानों की बैठक में कहे। इस दौरान मौके पर उपायुक्त प्रीति भी मौजूद रही। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसानों की समस्याओं को भाजपा ने सर्वोपरि रखा है। सरकार का सबसे पहले यही उद्देश्य रहा है कि किसान खेतों में आने जाने के लिए पक्के रास्तों का प्रबंध किया जाए। ताकि किसानों को अपने खेत से फसलों को ले जाने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए।



**यमुनानगर।** एनएचएआई के अधिकारियों व किसानों की बैठक में अध्यक्षता करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व मौके पर मौजूद उपायुक्त प्रीति। फोटोः हरिभूमि

### सीएम के संज्ञान में है रास्ते की समस्या

बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों की समस्या के शीघ्र स्थायी समाधान के लिए अपने उच्चाधिकारियों व भारत सरकार से विचार विमर्श करें। इस रास्ते की समस्या मुख्यमंत्री के भी संज्ञान में है। इसलिए इस रास्ते का शीघ्र समाधान होना जरूरी है। उपायुक्त प्रीति ने एनएचएआई के अधिकारियों को समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।

### किसानों के हित में उठाए अनेक कदम

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि गांव पोटली में किसानों के लिए समस्या बना यह रास्ता रेवेन्यू रिकार्ड का है। जिसे कभी भी बंद नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र रादौर में करोड़ों रुपये की लागत से खेतों में जाने वाले रास्तों को पक्का किया गया। प्रदेश में यह योजना रादौर विधानसभा क्षेत्र से शुरू की गई है। कृषि मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अनेकों जनकल्याणकारी कदम उठाएं हैं। किसानों की फसलों पर एमएसपी पर खरीद किया जाने लगा है। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों से कहा कि गांव पोटली का यह रास्ता ठीक नहीं हुआ तो किसानों को आने वाले समय में भी बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसानों द्वारा रास्ते को लेकर की जा रही मांग वाजिब है।

### मौजूद रहे

मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा,रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारी विशाल केसरवानी व विक्रम सिंह, किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद कांबोज, महेन्द्र व धर्मवीर कांबोज आदि मौजूद रहे।

## एनएच पर कुटेल के पास हादसा

# ट्रक-बस व कारों में भीषण टक्कर, 10 यात्री घायल

*कोहरे में ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से हुआ हादसा हाईवे पर लगा जाम*




हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में नेशनल हाईवे पर कुटेल के पास कई वाहनों की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में चार कारें और एक प्राइवेट बस शामिल बताई गई है। बस लिबर्टी कंपनी की थी, जिसमें सवार लोग करनाल से घरोड़ा लिबर्टी में काम करने के लिए जा रहे थे। हादसे में बस का चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जबकि एक महिला के पैर कटने की सूचना भी सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नेशनल हाईवे पर करनाल से पानीपत साइड एक ट्रक बस के आगे चल रहा था। कोहरा अधिक होने के कारण ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिसके चलते पीछे आ रही बस ट्रक से जा टकराई। इसके बाद बस के पीछे चल रही कारें भी आपस में टकरा गईं और एक के बाद एक कई वाहन हादसे की चपेट में आ गए। हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस में करीब 20 से 25 यात्री सवार थे, जिनमें 10 से 12 यात्रियों को चोटें आईं, जबकि बस चालक और एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### कुरुक्षेत्रः नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट बलात्कार व पोक्सो एक्ट केस) की अदालत ने नाबालिग के साथ गलत काम करने के थानेसर वासी आरोपी को 20 साल कठोर कारावास व 50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 4 मार्च 2024 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में थाना कृष्णा गेट वासी महिला ने बताया कि उसके दो बच्चे है। 3 मार्च 2024 को उसकी लड़की ने बताया कि उसके साथ एक लड़के ने गलत काम किया। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच की गई। तफ्तीश के दौरान आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था।

# ग्रिल तोड़कर दुकानों में घुसा ट्रक, चालक गंभीर

*ट्रक और दो दुकानों सहित कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जीटी रोड पर पिपली के समीप फ्लाइओवर की ग्रिल तोड़कर एक ट्रक दुकानों में घुस गया। गनीमत रही कि जिस समय हादसा हुआ उस समय दुकान बंद थी। वरना कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। इस दुर्घटना में ट्रक और दो दुकान सहित एक कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है और ट्रक चालक भी घायल हो गया है। दुकान मालिकों ने बताया कि शुक्रवार रात अचानक से एक ट्रक हाईवे से नीचे उतरकर दुकान के सामने खड़ी कार को टक्कर मारता हुआ सीधा दुकानों में घुस गया। गनीमत रही कि जिस समय यह हादसा हुआ उस



समय दुकान बंद थी। वरना कोई जानी नुकसान भी हो सकता था। ट्रक और दुकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है और उनका लाखों रुपये का नुकसान हो गया है। ट्रक चालक भी घायल हो गया था। जिसको इलाज के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया था।

### पानीपत में घर से पांच लाख के जेवर और नकदी चोरी

**पानीपत।** पानीपत के बलजीत नगर निवासी अरूण कुमार के घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए के सोने-चांदी से बने जेवरात और लाखों 1.11 लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। वहीं अरूण, अपनी भांजी के निधन पर शोक व्यक्त करने उत्तर प्रदेश के मैनपुरी गया हुआ था। इधर, अरूण की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। इधर, पुलिस के आग्रह पर एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल को जांचा व चोरों के हाथों आदि के निशान लिए। वहीं पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैंमरों की भी जांच की गई। दूसरी ओर, पुलिस ने अरूण की शिकायत पर अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना से बलजीत नगर निवासियों में भय का माहौल बना हुआ है।

# ताइक्वांडो स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले राघव को पलकों पर बैठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरक्षेत्र

कलसाना के ताइक्वांडो खिलाड़ी राघव ने दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में आयोजित अंडर-16 किलोग्राम वर्ग की राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस विलक्षण उपलब्धि की खुशी में गांव कलसाना में राघव और उनके प्रशिक्षकों सागर वर्मा व राजू वर्मा के सम्मान समारोह और अभिनंदन यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा नेता सुभाष कलसाना और पार्षद ईशु सचदेवा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की और स्वर्ण पदक विजेता राघव, कोच सागर वर्मा, राजू वर्मा और परिजनों को बधाई दी। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने कहा राघव की यह जीत उनकी व्यक्तिगत मेहनत के साथ-साथ हरियाणा सरकार की युवा और खेल-हितैषी नीतियों का भी परिणाम है।



**शाहबाद।** स्वर्ण पदक विजेता राघव व प्रशिक्षकों का सम्मान करते सुभाष कलसाना व ईशा सचदेवा। फोटोः हरिभूमि

### फर्जीवाड़ा कर भूमि कब्जाने पर केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव सनौली खुर्द में जमीन की गिरदावरी में फर्जीवाड़ा कर मालिकाना हक और कब्जा हथियाने का मामला सामने में आया है। किसान बालेशर त्यागी पुत्र दयाराम ने पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह को शिकायत देकर गांव के ही कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों पर पिता के नाम का जाली शपथ पत्र तैयार कर जमीन हड़पने और विरोध करने पर झूठा केस दर्ज कराने का आरोप लगाया है। इधर, एसपी सिंह के निर्देश पर भूमि हड़पने के मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तांत्रिक ने भूत का डर दिखा कर महिला से दुष्कर्म किया

**पानीपत।** पानीपत में तांत्रिक ने बीमार लड़के पर भूत प्रेत का साया बता कर उसकी मां को अपने झांसे में ले लिया और महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर पानीपत से अपहरण कर असम ले गया और उसने दस दिनों तक कामाख्या के जंगलों में महिला को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इधर, परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने महिला को बरामद किया। जबकि आरोपी तांत्रिक को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने महिला के बयान दर्ज किए और उसकी मेडिकल जांच करवाई। जबकि तांत्रिक पर केस दर्ज किया। महिला ने बताया कि उसका पुत्र लंबें समय से बीमार चल रहा है। वहीं बेटे के बेहतर स्वास्थ्य के लिए व तांत्रिक से मिली। तांत्रिक ने उसे बहकाया कि उसके पुत्र पर भूत प्रेत का साया है। जिसे वह अपनी तंत्र-विद्या से ठीक कर देगा। वहीं, महिला, तांत्रिक के बहकावे में आ गई और उसक हवस का शिकार हो गई।

### पति व साथियों के साथ मिलकर साली ने जीजा को पीटा

**पानीपत।** पानीपत के अदालत परिसर में साली ने अपने पति व दो अन्य साथियों के साथ मिल कर सुरेंद्र निवासी हनुमान कालोनी, पानीपत के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। इधर, सुरेंद्र, कोर्ट में चेक बाउंस के केस में तारीख पर कोर्ट में पेश होने आया था। सुरेंद्र ने आरोप लगाया कि साली, इसके पति ने उससे नगदी ली थी और उसे चेक दिया था। यह चेक बैंक में बाउंस हो गया। इसे लेकर उन्होंने कोर्ट की शरण ली थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नाबालिग लड़की की शादी करवाने पर मामला दर्ज

**करनाल।** करनाल में बाल विवाह से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी की ओर से जांच कराई गई, जिसमें दस्तावेजों और बयानों के आधार पर नाबालिग लड़की की शादी कराए जाने की पुष्टि हुई। जांच के बाद पुलिस को रिपोर्ट भेजी गई, जिस पर थाना कुंजपुरा में मामला दर्ज कर लिया गया है। बाल विवाह की शिकायत ईमेल के माध्यम से मिली थी। शिकायत के संदर्भ में संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करनाल ने जांच शुरू की। जांच के दौरान लड़के पक्ष के बयान दर्ज किए गए। जांच में सामने आया कि शादी 13 दिसंबर 2024 को कुंजपुरा में हुई थी। जांच में लड़की की मां ने बयान में बताया कि उनके चार बच्चे हैं और शादी होने वाली लड़की सबसे छोटी है। लड़की ने सरकारी स्कूल कुंजपुरा से नौवीं कक्षा तक पढ़ाई की है।

### प्राचीन आपगा तीर्थ पर आज होगा धार्मिक अनुष्ठान

**थानेसर।** गीता जन्मभूमि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर स्थित एक अत्यंत प्राचीन, पौराणिक और श्रद्धा से ओतप्रोत आपगा तीर्थ अब पुनः अपनी दिव्यता, गरिमा और ऐतिहासिक पहचान के साथ जनमानस के समक्ष प्रतिष्ठित होगा। दयालपुर और मिजार्पुर के मध्य स्थित प्राचीन आपगा तीर्थ पर जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण के पावन संकल्प हेतु धार्मिक अनुष्ठान एवं समारोह का आयोजन किया जाएगा। 18 जनवरी को भव्य हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा।

## वन विभाग की टीम की बड़ी कार्रवाई

# खैर की लकड़ी से भरे ट्रक को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

वन विभाग की टीम ने खैर की लकड़ी से भरे ट्रक को पकड़ा है।।जांच करने पर ट्रक से करीब 10 टन खैर की लकड़ी बरामद हुई है। बताया जा रहा है की खैर तस्कर व्यासपुर क्षेत्र के आसपास के जंगलों से खैर की लकड़ी को काटकर उसे पंजाब बचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो खैर तस्करों को नामजद करते हुए चार-पांच अन्य खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वन राजिक अधिकारी बलजीत सिंह ने बताया कि उसे गुप्त सूचना मिली थी कि गांव जाटावाला की ओर से एक ट्रक में खैर की लकड़ी भरकर लेदी व्यासपुर के रास्ते से पंजाब में बेचने के लिए जा रही है। उसने विभाग की टीम के साथ गांव लेदी के समीप नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। इस दौरान सुबह करीब पांच बजे उन्हें गांव कोट की तरफ से एक ट्रक आता दिखाई दिया। जब उसने ट्रक चालक को रोकने का इशारा किया तो आरोपी ने ट्रक को तेज गति से भाग लिया। इसके बाद आरोपी ट्रक चालक ट्रक को साढ़ौरा की ओर लेकर पहुंच गया। ट्रक के साथ-साथ एक कर भी चल रही थी जो आरोपी खैर तस्करों का साथ दे रही थी। इस दौरान मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पहाड़ीपुर नाका के पास बैरिकेड लगाकर रास्ता बंद कर दिया। ट्रक चालक बैरिकेड को बचाने के चक्कर में ट्रक को साइड से निकलने लगा तो काबू कर लिया गया।

## मौसमः बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं ने पार्कों में लिया धूप का आनंद

# घने कोहरे ने दोपहर तक छुटाई कंपकपी दोपहर बाद सूर्य देव की चमक से मिली राहत

*न्यूनतम तापमान 7 डिग्री और अधिकतम 17 डिग्री सेल्सियस रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले कई दिन से जिले में घने कोहरे, आसमान में छा रहे धुंध के बादल और चल रही शीतलहर से शनिवार को लोगों को कुछ राहत मिली है। शनिवार को रात भर से लेकर दोपहर तक जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा और धुंध के बादल छाए रहे। वहीं, दोपहर 12 बजे के करीब जिले में सूर्यदेव के दर्शन हुए और अच्छी धूप निकली। जिसके बाद कुछ घंटे तक अच्छी धूप खिली रहने से ट्विन सिटी के पार्कों में पहुंचकर बच्चों ने धूप का खूब आनंद लिया। लेकिन कुछ घंटे धूप खिलने के बाद भी तापमान में खास बढ़ोतरी दर्ज नहीं की गई। रोज की तरह घना कोहरा छाया हुआ था और शीतलहर चल रही थी।





**यमुनानगर।** सुबह के वक्त छाए हुए घने कोहरे में गुजरते हुए वाहन व धूप खिलने के बाद पार्कों में खेलते हुए बच्चे।

### सड़कों पर वाहन रेंगकर चले

घना कोहरा छाए रहने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार पांच किलोमीटर प्रति घंटा से भी कम थी। लोग लाइटें जगाकर वाहनों को धीमी गति से लेकर अपने गंतव्य पर पहुंचने को मजबूर थे। मगर सुबह 12 बजे के करीब घना कोहरा और आसमान से बादल छंट गए।

### तापमान में खास बढ़ोतरी नहीं

जिले में शनिवार को अच्छी धूप खिलने के बावजूद तापमान में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। इस दौरान जिले का तापमान अधिकतम 17 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहा। हालांकि केवल एक डिग्री ही तापमान बढ़ा है।

### कई दिनों बाद राहत

शनिवार दोपहर बारह बजे के करीब सूर्य देव के दर्शन हुई और धुंध के बादल छंट गए। इसके बाद कुछ घंटे तक अच्छी धूप खिली और बच्चे, महिलाएं व बुजुर्गों समेत अन्य लोगों ने घरों से बाहर निकलकर धूप का आनंद लिया। इस दौरान बच्चे पार्कों में लगे झूलों पर झूले और कई बच्चों ने अन्य खेल खेलकर खूब मस्ती की। वहीं बच्चों की माताओं ने इस दौरान पार्क में बैठकर धूप के आनंद के साथ खूब गपशप की। सिटी सेंटर क्षेत्र निवासी रोशनी, मनीषा, कमला व रोजी आदि ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से दिन भर धुंध के बादल छाए रहने व सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहने से मौसम में काफी ठंडक बढ़ गई थी।

## खबर संक्षेप

### अपने नए घुटने को सालों तक मज़बूत बनाए रखें

**तरावड़ी।** टोटल नी रिप्लेसमेंट आर्थराइटिस से पीड़ित मरीजों के लिए दर्द-मुक्त और सक्रिय जीवन की नई शुरुआत है। यह सर्जरी न केवल चलने-फिरने की क्षमता लौटाती है, बल्कि आत्मनिर्भरता भी बढ़ाती है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग के रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट व ऑर्थोपेडिक्स विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. साइमन थॉमस के अनुसार, 80 प्रतिशत से अधिक नी इम्प्लांट 20 साल या उससे अधिक समय तक सफलतापूर्वक चलते हैं, बशर्ते उनकी सही देखभाल की जाए। वजन नियंत्रण बेहद ज़रूरी है क्योंकि अतिरिक्त वजन इम्प्लांट पर दबाव बढ़ाता है। कैल्शियम, विटामिन ष और प्रोटीन से भरपूर संतुलित आहार हड्डियों को मज़बूत रखता है।

### लाभार्थियों के सत्यापन को एरिया सभा गठित

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, वृद्धावस्था पेंशन एवं विधवा पेंशन के लाभार्थियों के सत्यापन के लिए एरिया सभा का गठन किया गया है। यह गठन निदेशक शहरी स्थानीय निकाय हरियाणा द्वारा जारी आदेशानुसार किया गया है।

नगर निगम क्षेत्र के सभी 20 वार्डों के लिए एरिया सभा बनाकर निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोडल अधिकारी एवं सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। ये टीमें अलॉट किए गए बूथ नंबर के अधीन आने वाले दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, वृद्धावस्था पेंशन एवं विधवा पेंशन के पात्र लाभार्थियों का सत्यापन करेंगी।

### न्यायालय परिसर में लगा साइबर जागरूकता शिविर

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 'थिंक बिफोर यू शेयर' अभियान के तहत जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. इरम हसन ने बताया कि हालसा, पंचकूला के आदेशानुसार जिले के विभिन्न स्थानों पर इस अभियान के तहत जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। इनमें पैनल अधिवक्ताओं व पैरा लीगल वालंटियर द्वारा आमजन को साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी जा रही है।

### जोगिंद्र बने कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष, पंकज महासचिव

**करनाल।** जिला कांग्रेस करनाल के शहरी अध्यक्ष पराग गाबा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के निर्देशानुसार जिला कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष पद पर जोगिंदर वाल्मीकि, भूपिन्द्र पोसवाल, तरुण चौहान तथा दलशेर सिंह विर्क को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के महासचिव पद पर ललित कुमार और कोषाध्यक्ष के रूप में दीपक महाजन की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा जिला कांग्रेस के महासचिवों में पंकज गाबा, अशोक दुग्गल, विनोद तितोरिया, प्रहलाद सिंह संधू, सुरेंद्र नंबरदार, युवराज सिंह भट्टी, प्रवीण पुनिया और सुरेश चौधरी को शामिल किया गया है।

नई कार्यकारिणी में सचिवों के रूप में भारत ढिल्लों, शेर सिंह डाबरी, जितेंद्र पंचाल, दया प्रकाश, रमेश जोगी, पृथ्वी भट्ट, गुरमीत सिंह, शुभम कालिया, राजेंद्र नंबरदार, किशन गहलोत, संजय कालरा, सपना राणा, शारदा सिंधु, मास्टर करण सिंह, राकेश कुमार और विनोद शर्मा को नियुक्त किया है।

### 31 को मनाई जाएगी गुरु रविदास जयंती : सुदेश

**कैथल।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती का राज्य स्तरीय समारोह आगामी 31 जनवरी को धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन को लेकर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया गांव जुलानीखेड़ा पहुंचे, जहां ग्रामीणों द्वारा उनका फूल मालाओं से और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा बालू मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच नरेन्द्र जुलानीखेड़ा के निवास पर सम्पन्न हुआ, जहां ग्रामीणों ने कटारिया को पगड़ी पहनाकर और बाबा साहब की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया।

## कल्याण ने किया युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित

# मोहिदीनपुर गांव में 87 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास

**विस अध्यक्ष ने दिए सामुदायिक केंद्र का आकार बढ़ाने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज गांव मोहिदीनपुर में 87 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने युवाओं से कड़ी मेहनत करने, अच्छी शिक्षा प्राप्त करने और नशे से दूर रहने की अपील की। ग्रामीणों से कहा कि वे परिवार, क्षेत्र, प्रदेश के साथ-साथ राष्ट्र की प्रगति में भी योगदान दें और पूर्ण निष्ठा से साथ कर्तव्य का निवर्हन करें।

श्री कल्याण ने आज गांव मोहिदीनपुर में 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक केंद्र और 20.66 लाख से बनने वाली मुख्य गली के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि गांव के आर्य समाज भवन की मरम्मत आदि के लिए भी दस लाख रुपये मंजूर हो चुके हैं। उन्होंने पंचायत एवं विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामुदायिक केंद्र का आकार 60 गुणा 40 फुट से बढ़ाकर 75 गुणा 40 फुट किया जाए। इसके लिए अतिरिक्त राशि की व्यवस्था करा दी जाएगी। उन्होंने केंद्र के नजदीक शैड बनावाने के लिए भी कहा।

> ग्रामीणों से कहा कि वे परिवार, क्षेत्र, प्रदेश के साथ-साथ राष्ट्र की प्रगति में भी योगदान दें और पूर्ण निष्ठा से साथ कर्तव्य का निवर्हन करें।



### आईटीआई बनने से आसपास के गांवों के युवाओं को फायदा होगा

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सामुदायिक केंद्र बनने के बाद ग्रामीणों को विवाह-शादी, सामाजिक-धार्मिक आयोजनों के लिए सुविधा प्राप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि स्कूल में नए भवन निर्माण का कार्य तेजी से जारी है। यहां विद्यार्थियों को किसी प्रकार की अन्य सुविधा की जरूरत होगी तो उसे उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यमुना बेल्ट में नई आईटीआई डेढ़-दो साल के भीतर बनवा दी जाएगी। इसमें ऐसे कोर्स शुरू कराए जाएंगे जिनकी बाजार में मांग होगी। इस आईटीआई के बनने से आसपास के करीब डेढ़ दर्जन गांवों के युवाओं को फायदा होगा।

### मेडिकल यूनिवर्सिटी का कार्य अंतिम चरण में

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में रिंग रोड, मेडिकल यूनिवर्सिटी का कार्य अंतिम चरण में है। यूनिवर्सिटी शुरू होने के बाद यहां सुपर स्पेशलिटी अस्पताल भी शुरू होगा। इससे न केवल लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं हासिल होंगी बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। रिंग रोड चालू होने के बाद यहां नई कंपनियां आएंगी। श्री कल्याण ने कहा कि देश-प्रदेश के साथ-साथ घरौंडा हलके में भी पिछले दस साल से विकास के काफी कार्य हुए हैं। यह गति निरंतर जारी है। उनका प्रयास है कि विकास के साथ-साथ यह इलाका खुशहाल बने। उन्होंने कहा कि सरपंच द्वारा रखी गई अन्य सभी जायज मांगों को पूरा कराया जाएगा। मोहिदीनपुर में श्री कल्याण का पगड़ी पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर बीडीपीओ मोनिका, सरपंच सुधीर सिंह, चंचल राणा, सचिन, संदीप चौहान, जोगेंद्र भट्टी आदि मौजूद रहे। इसके बाद श्री कल्याण ने चीनी मिल रेस्ट हाउस में गांव नगला मेघा के लोगों से गांव के विकास कार्यों व मांगों पर चर्चा की। ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।

# किसानों ने मार्केट कमेटी सचिव को सौंपा ज्ञापन



इंद्री। मार्केट कमेटी सचिव को ज्ञापन सौंपते किसान। फोटो : हरिभूमि

- किसान भवन को किसी अन्य विभाग को देने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की मीटिंग अनाज मंडी इंद्री स्थित किसान भवन में हुई । मीटिंग की अध्यक्षता जसविंदर सिंह ने की । इस मौके पर मुख्य रूप से शिरकत करते हुए भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष रामपाल चहल ने कहा कि किसानों को पता चला है की मार्किट कमेटी इंद्री द्वारा किसान विश्राम गृह को एक विभाग को किराये पर देने की प्रक्रिया चल रही है । उन्होने बताया कि किसान विश्राम किसानों के आराम करने व सुविधाओं के लिए बना हुआ है और इंद्री अनाज मंडी मे फसल लेकर आए क्षेत्र के किसानों की सुविधा व बैठने के लिए कोई अन्य स्थान भी नहीं है । जिससे किसानों मे रोष पनप रहा है । किसानों ने इसका विरोध करते हुए मार्किट कमेटी सचिव को ज्ञापन देकर मांग की कि किसान भवन को किसी दूसरे विभाग को ना दिया जाए। किसानों ने कहा कि यदि किसान भवन को किसी अन्य विभाग को दिया गया तो वे इसका जमकर विरोध करेंगे । इस मौके पर हल्का प्रधान मनजीत चौगांवा, बलकार सिंह, सुखविंद्र तेजपाल, बालकिशन, मेहर सिंह, पारस, सलिंद्र कुमार व रमेश सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे । इंद्री मार्किट कमेटी के सचिव जसबीर सिंह ने किसानों को आश्वासन दिया कि किसान भवन केवल किसानों को सुविधाएं देने के लिए है । इसको किसी विभाग को किराये पर नहीं दिया जा सकता । वे इस ज्ञापन को उच्च अधिकारियों को भेज कर अवगत करवा देंगें ।



### नौटंकी सांग का मंचन

**घरौंडा।** 24वें सामूहिक विवाह महोत्सव पर हरियाणा कला परिषद और मंडल के सहयोग से सांग महोत्सव में आज नौटंकी सांग का मंचन किया गया। इस अवसर पर आज के मुख्य अतिथि सोनी शर्मा, राज शर्मा, ओम प्रकाश धीमान व सतपाल गुढ़ा रहे उन्होंने कहा मंडल उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। हर वर्ष हरियाणा की प्राचीन संस्कृति सांग का मंचन कर उल्लेखनीय कार्य कर रहे है। सांग में बताया गया सयालकोट के राजा गजे सिंह राज करते है। उनकी दो संतान थी भूप सिंह व फूल सिंह। फूल सिंह की दोस्ती सेठ कुंदन मल के साथ होती है। सेठ अपनी सेठानी को समझाता है कि फूलसिंह को ताना मारना की हिम्मत है तो नौटंकी से शादी करवा कर दिखा। मैं मुल्तान शहर की तरफ जाता है और वहां बागों में मालीन मिलती है। मैं उस से एक शानदार फूलों का हार बनवा लेता है और लड़की के भेष में नौटंकी के पास जाता है। वह हार नौटंकी को पसंद आ जाता है और वह कहती है जो आप जो वर मांगोगे मैं आपको दूंगी। तभी उसे पता लग जाता है कि फूल सिंह एक पुरुष है। दोनों एक दूसरे से प्यार करने लग जाते हैं और दोनों की शादी होकर सुख पूर्वक रहते हैं।

# श्रद्धालु संगम आत्म चेतना और चरित्र निर्माण का दिव्य अवसर : कटारिया

- कृष्ण चतुर्दशी संगम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि करनाल में स्थापित श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में प्रत्येक माह कृष्ण चतुर्दशी को आयोजित होने वाला श्रद्धालु संगम केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि आत्म चेतना के जागरण, चरित्र निर्माण और जीवन को सात्विक दिशा देने का एक दिव्य अवसर है।

उन्होंने इस आयोजन के लिए श्री आत्म मनोहर जैन संस्थान समूह को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान निरंतर श्रद्धा, सेवा और साधना की त्रिवेणी को समाज तक पहुंचा रहा है। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया श्रद्धालु संगम समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राज्यपाल की धर्मपत्नी अनिता कटारिया को चेयरपर्सन मेघा भंडारी व सरोज बाला जैन ने सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि श्री घंटाकर्ण महावीर देवता जी की कृपा स्मृति में करनाल स्थित श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच उपस्थित होना उनके लिए सौभाग्य, आत्मिक आनंद और आंतरिक शांति का विषय है।




## जेजेपी नेता ने किया सरकार पर वार

# भाजपा की राजनीति ने समाज में बढ़ाई खाई : दिग्विजय चौटाला

- जेजेपी का युवा संगठन लगभग पूरा, 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र में पहली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जेजेपी नेता दिग्विजय चौटाला ने कहा कि हरियाणा में पहले कभी हिंदू-मुस्लिम दो होने की कल्पना भी नहीं की जाती थी, लेकिन आज जो हालात बने हैं, उसके पीछे भाजपा की राजनीति जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि यदि समाज को जोड़कर रखा जाए तो ऐसी घटनाएं नहीं होंगी। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि चौधरी देवी लाल की सोच सभी को साथ लेकर चलने की थी, जबकि भाजपा की राजनीति समाज को तोड़ने की है।

दिग्विजय ने संगठन को लेकर कहा कि पार्टी का युवा संगठन लगभग पूरा हो चुका है और युवा इकाई में 450 से ज्यादा पद दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र में युवा कार्यकारिणी की पहली बैठक होगी, जिसमें पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद 13 मार्च को डॉ. अजय चौटाला के जन्मदिन पर प्रदेश के किसी कोने में युवाओं की बड़ी रैली आयोजित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं के हालात खराब हैं। रोजगार के लिए युवा भटक रहे हैं और सरकारी नौकरियों की परीक्षाएं अदालतों में अटकी हुई हैं। ऐसे में युवाओं को संगठित करना जरूरी है। दिग्विजय चौटाला ने दावा किया कि 27 जनवरी को करनाल में होने वाला युवा योद्धा सम्मेलन एक नई क्रांति की शुरुआत करेगा और इस मंच से सरकार की अनियमितताओं को उजागर किया जाएगा।

# एचएसजीपीसी के बड़े फंड खर्चों पर लगी रोक

- जुडिशियल कमीशन ने चीफ सेक्रेटरी को निर्देश दिए
- कोई भी सदस्य कभी भी कार्यालय रिकॉर्ड देख सकेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एचएसजीपीसी) के प्रबंधों को सुचारू रूप से चलाने और अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा की कथित मनमानी पर रोक लगाने के उद्देश्य से सीनियर उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह रामसर द्वारा हरियाणा सिख गुरुद्वारा जुडिशियल कमीशन में केस दायर किया गया था। मामले की सुनवाई चंडीगढ़ सेक्टर-17 स्थित गुरुद्वारा जुडिशियल कमीशन कार्यालय में हुई, जहां कमिश्नर दर्शन सिंह जौड़ा ने 16 जनवरी 2026 को आदेश पारित किए।

आदेश के तहत अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा को बड़े फंडों की मनमर्जी से उपयोग करने से रोक दिया गया है। साथ ही कमीशन ने कमेटी के चीफ सेक्रेटरी को निर्देश दिए कि कमेटी का कोई भी सदस्य जब चाहे कार्यालय रिकॉर्ड देख सकता है। कमेटी के सीनियर सदस्य सरदार दीदार सिंह नलवी ने कहा कि अध्यक्ष द्वारा कथित तौर पर तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है, जिससे कमेटी का माहौल खराब हुआ है और प्रबंध प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 2014 से 2020 के कार्यकाल में भी कई बार एग्जीक्यूटिव मीटिंगों में कोरम पूरा नहीं होता था और कार्रवाई रजिस्टर घरों में भेजकर हस्ताक्षर करवाए जाते थे। नलवी ने दावा किया कि वर्तमान कार्यकाल में भी तीन एग्जीक्यूटिव और तीन जनरल हाउस मीटिंगें फेल हो चुकी हैं। 7 जनवरी को बजट इजलास में 49 सदस्यों में से 33 सदस्यों के टू-थर्ड बहुमत की जगह केवल 28 सदस्य मौजूद थे, इसके बावजूद बजट पास होने की घोषणा कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि 8 जनवरी को कार्यालय का रजिस्टर कथित रूप से गाड़ी में रखकर सदस्यों के घर ले जाकर अगले दिन हस्ताक्षर करवाए गए।

### झींडा ग्रुप का कोई सदस्य नहीं आया

नलवी ने कहा कि मीडिया में जथेदार बलजीत सिंह दादूवाल को सर्वसम्मति से धर्म प्रचार चेयरमैन पद से हटाने के प्रस्ताव की बात कही गई, लेकिन रजिस्टर जांच में ऐसा कोई प्रस्ताव दर्ज नहीं मिला। नलवी ने बताया कि सुनवाई के दौरान 49 सदस्यों को बुलाया गया था, लेकिन झींडा ग्रुप का कोई भी सदस्य कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ। केवल राजपाल सिंह, नरिंदर सिंह और सतपाल सिंह डाचर नामक तीन कार्यालय कर्मचारी पहुंचे। उन्होंने बताया कि सुनवाई के दौरान जथेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा कि यदि झींडा द्वारा भेजे गए कर्मचारी शपथ लेकर यह कह दें कि 7 जनवरी को कोरम पूरा था, तो केस वापस लेने को तैयार हैं।

# नपा ने चलाया सफाई अभियान, सभी विभागों के अधिकारियों ने लिया भाग

- एसडीएम ने भी हाथ बंटाया और कई स्थानों पर सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

एसडीएम अनिल कुमार के नेतृत्व में शहर में सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान में उपमंडल के सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। सफाई अभियान में एसडीएम ने स्वयं सफाई कार्य में हाथ बंटाया और कई स्थानों पर सफाई भी की । सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने सफाई अभियान के तहत अपने कार्यालयों तथा उसके आस-पास की सफाई की।



इंद्री। शहर मे जेसीबी की सहायता से स्वच्छता अभियान चलाते नपा कर्मचारी।

एसडीएम ने मार्किट में जाकर दुकानदारों से बातचीत की और उन्हें दुकानों के आगे तक बढ़ाये गये छज्जों/शैडो को उतारने के निर्देश दिये और दुकानों के आस-पास सफाई करने के लिये भी कहा। उन्होंने कहा कि दुकानदार अपना सामान दुकान की तय सीमा में ही रखें, उसे बाहर सडक तक न फैलाएं, ऐसा करने से सडके तंग हो जाती है तथा लोगों को आवागमन में असुविधा होती है।

## धार्मिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों का शुभारंभ श्रद्धा व हर्षोल्लास से किया गया

# भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी

**मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की दूसरी वर्षगांठ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

श्री हनुमान सेवा समिति रजि. तरावड़ी की ओर से मां अन्नपूर्णा धाम आश्रम एवं अन्नक्षेत्र गुलाब कॉलोनी स्थित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों का शुभारंभ शनिवार को बैंड-बाजों, विधिवत पूजा-अर्चना व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बड़े श्रद्धा व हर्षोल्लास से किया गया। महोत्सव के प्रथम दिवस प्रातःकाल पंडित मोहन लाल एवं अन्य विद्वान आचार्यों द्वारा हवन, पूजन व अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाए गए, जिनमें समिति के सदस्यों ने परिवार सहित सहभागिता की। आज के कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में लाला साधू राम सिंगला, प्रमोद सिंगला एवं रविन्द्र सिंगला ने सपत्नीक भाग लिया। कथा आरंभ से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। महोत्सव में बालकिशन त्रिपाठी, अमन शर्मा, विपिन छाबड़ा, प्रदीप गर्ग, अनिल सिंगला, राजेश जैन, अशोक लूथरा, पार्षद नरेश गाबा, अशोक काठपाल, संजय गाबा सहित समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





तरावड़ी। व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को कथा सुनाते महामंडलेश्वर स्वामी अद्वैत स्वरूप जी महाराज व कार्यक्रम मे उपस्थित श्रद्धालुगण।

### श्रीराम कथा का भावपूर्ण वर्णन किया

सायंकालीन कथा में महामंडलेश्वर स्वामी अद्वैत स्वरूप जी महाराज ने श्रीराम कथा का भावपूर्ण व विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र, मर्यादा, त्याग, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए कहा कि श्रीराम केवल एक राजा नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए जीवन जीने की कला हैं। स्वामी अद्वैत स्वरूप जी महाराज ने रामायण के नागपाश प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जब युद्ध भूमि में मेघनाद द्वारा छोड़े गए नागपाश से श्रीराम और लक्ष्मण बंध गए थे, तब यह अहंकार, मोह और माया के बंधन का प्रतीक था। उस समय गरुड़ जी के आगमन से नागपाश का कटना यह संदेश देता है कि जब मनुष्य ईश्वर में पूर्ण आस्था रखता है, तब उसके जीवन के सभी बंधन स्वतः समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सत्संग ही जीवन को श्रेष्ठ और सफल बनाने का माध्यम है। मनुष्य यदि निस्वार्थ भाव से परहित करता है, बिना किसी अपेक्षा, स्वार्थ, प्रसिद्धि या अहंकार के सेवा करता है, तो वही सच्ची भक्ति कहलाती है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, करुणा और धर्म का मार्ग नहीं छोडना चाहिए। इस अवसर पर समाजसेवा व धार्मिक कार्यों में योगदान के लिए श्री राम राइस यूनिट के मालिक लाला साधू राम सिंगला, रविन्द्र सिंगला एवं प्रमोद सिंगला को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम उपरांत श्रद्धालुओं के लिए दोनों समय विशाल लंगर प्रसाद की व्यवस्था की गई।

## खबर संक्षेप

### निरोग शरीर के लिए करें योग : डॉ. लता

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय सिवाह में एनएसएस कैंप में स्वयं सेवी छात्राओं को योगाभ्यास करवाया गया। जबकि प्रोफेसर नीति के छात्राओं को शांति, सद्भावना, सहानुभूति, प्रेम, आत्मविश्वास के बारे में अवगत कराते हुए तनाव से बचने, जीवन का आनंद लेने, समस्याओं का कैसे विवेक पूर्ण तरीके समाधान किया जाए इसकी विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्या डॉक्टर सुमन लता, प्रोफेसर पूनम देवी, टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

### श्रीसत जींदा कल्याणा का उत्सव 23 से

**पानीपत।** श्री सत जीन्दा कल्याणा सत्संग मंदिर सब्जी मंडी सनौली रोड का वार्षिकोत्सव एवं ज्ञानोपदेश 23 से 25 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए श्री सत जींदा कल्याणा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान जयदयाल तनेजा ने बताया कि ब्रह्मलीन श्री 1008 महंत जमना दास, श्री 1008 महंत हरिदास, श्री 1008 महंत हेमंत दास की कृपा से महंत खुशहाल दास के सानिध्य में 23 जनवरी को मंदिर के वार्षिक उत्सव एवं ज्ञानोपदेश कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से होगा।

### माकपा की बैठक गीता कॉलोनी में संपन्न

**पानीपत।** कम्युनिस्ट पार्टी मार्कवादी जिला सांगठनिक कमेटी की बैठक गीता कॉलोनी में हुई। बैठक की अध्यक्षता पायल ने, संचालन जिला सचिव डॉ.सुरेंद्र मलिक ने किया। बैठक को राज्य कमेटी सदस्य का. सुनील दत्त, राजपाल, जय भगवान, नवीन सपड़ा, प्रीतम रावल, रोहतास, राजेंद्र छोकर, रामकुमार यादव आदि ने संबोधित किया।

### समालखा बार में रहा वर्क सस्पेंड

**समालखा।** अधिवक्ता रोहतास कुमार के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई भेदभावपूर्ण और एक तरफा कार्रवाई के विरोध में समालखा बार एसोसिएशन का वर्क सस्पेंड किया गया। वहीं सोमवार को वर्क सस्पेंड प्रदेश स्तर पर भी कराए जाने पर विचार किया गया। वहीं, बार के प्रधान अशोक रावल कहा कि जब तक अधिवक्ता रोहतास कुमार को न्याय नहीं मिलता आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर बडी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### पुलिस ने चोरी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने गांव इसराना में नौ दिसंबर की रात को गीता पत्नी धर्मपाल की किराना दुकान में घुसकर मारपीट व गल्ले से करीब दो लाख रुपये की नगदी चोरी की वारदात में शामिल तीसरे आरोपी अमित उर्फ मीता निवासी गांव इसराना को गिरफ्तार किया है। वहीं, इसराना के थानेदार महिपाल ने बताया कि चोरी के इस मामले में गीता निवासी गांव इसराना की शिकायत पर केस दर्ज है।

### सट्टेबाजी करते चार आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस की टीम ने दो अलग अलग स्थान से भगत सिंह पुत्र रामाश्री निवासी बिलासपुर बरेली यूपी हाल इंडो फार्म, इदरिश पुत्र बंस निवासी भोगांव मैनपुरी हाल कृष्णा गार्डन व अंकित पुत्र चिरंजी लाल निवासी भदवा कोशांबी हाल कृष्णा गार्डन, विकास पुत्र राजू निवासी विद्यानंद कॉलोनीको सट्टा खाईवाली करते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सट्टा खाईवाली में प्रयुक्त दो जोड़ी ताश पत्ते व दाव पर लगी 11 हजार 320 रुपये की नकदी बरामद हुई है।

### नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने शनिवार को शहर के वार्ड नंबर एक व दो में और गांव पट्टीकल्याणा में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताकर नशे के खिलाफ जागरूक किया। पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने घर-घर जाकर लोगों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है।

---

### आधुनिक तकनीकों को अपना कर खेती करें

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आगे आए युवा किसानः हरि



पानीपत। गांव भैंसवाल में युवा किसानों से भेंट करते किसान नेता व सामाजिक चिंतक हरि शरण देवगन। *फोटो : हरिभूमि*

**बागवानी व पशु पालन को अपनाएं, रसायनिक खाद व कीटनाशक का बेवजह प्रयोग न करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

किसान नेता एवं सामाजिक चिंतक हरि शरण देवगन ने कहा कि युवा किसानों को जय किसान के नारे को सार्थक करते हुए भारत को आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने में खेती के आधुनिक तरीकों को बनाना होगा। वहीं, युवा किसानों को अपने खेत में ही विभिन्न फसलों की खेती के साथ बागवानी, सब्जी, फूलवारी की खेती, गाय, भैंस, मछली, पोल्ट्री, बकरी, बकरा, मधुमक्खी, सूअर आदि का पालन को अपनाना होगा। तभी खेती से किसानों की आय में वृद्धि होगी। देवगन शनिवार को पानीपत के गांव भैंसवाल में युवा किसानों का आधुनिक खेती पर मार्गदर्शन करने के लिए पहुंचे थे। वहीं, देवगन ने कहा कि युवा किसानों को परंपरागत धान व गेहूं जैसी खेती के रकबे को काम करते हुए गैर मौसमी सब्जी फल आदि की खेती को अपनाना चाहिए। बाजार में फसलों की खरीदफिरोख्त पर नजर रखनी चाहिए, बाजार की डिमांड के अनुसार खेती करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक एकड़ में एक तरह की सब्जी की एक फसल के बजाय विभिन्न सब्जियों की खेती करनी चाहिए। यदि एक सब्जी के रेट कब मिले तो दूसरी फसल के रेट अधिक मिलने की संभावना ज्यादा रहती है। उन्होंने युवा किसानों को चेताया कि वे देखा देखी रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाइयों का बेजा प्रयोग ना करें। फसल में रोग लगने पर विशेषज्ञ की राय से रसायनिक खाद व कीटनाशक दवाइयों का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा किसानों को प्राकृतिक या जैविक खेती को अपनाना चाहिए। प्राकृतिक और जैविक खेती से फसल के उत्पादन की लागत कम हो जाती है और मुनाफा बढ़ जाता है। देवगन ने कहा कि गुजरात और महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत प्राकृतिक खेती को लगातार बढ़ावा दे रहे हैं और कुरूक्षेत्र के गुरुकुल में प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दे रहे है। युवा किसानों के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाने का यह बहुत ही बढ़िया अवसर है। युवा किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण लेकर इसमें भी अपना भाग्य जमाना चाहिए। इस अवसर पर विनय धीमान समेत बड़ी संख्या में युवा किसान उपस्थित रहे।

---

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के प्रति जागरूक किया

- एचआईवी, एड्स, एचसीवी, आरबीएस एवं टीबी से संबंधित जांच एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत




**पानीपत।** ग्रामीणों को रोगों से बचाव को जागरूक करतीं स्वास्थ्य विभाग की टीम।

पानीपत के गांव नौल्था के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसाइटी पंचकूला के तत्वावधान में एकीकृत स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। जिसमें एचआईवी, एड्स, एचसीवी, आरबीएस एवं टीबी से संबंधित जांच एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम में एडीजी हेल्थ डा. वीणा धवन एवं डीटीओ पानीपत डॉ.लाभ सिंह की उपस्थिति में ईएसआई अस्पताल की आईसीटीसी काउंसलर अंजू, लैब टेक्नीशियन राजेश कुमार तथा टीबी एसटीएस शिव कुमार द्वारा काउंसलिंग एवं टेस्टिंग किया गया। जबकि फोक मीडिया टीम के प्रमुख सुमेर शर्मा के नेतृत्व में जागरूकता नाटक एवं गीतों के माध्यम से लोगों को एचआईवी, टीबी तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया गया।

### लायंस क्लब ग्रेटर ने लोगों को कंबल बांटे

**पानीपत।** लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में गांव नोहरा में जरूरतमंदों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल बांटे। इसके प्रोजेक्ट चेयरपर्सन अंकित गोयल एवं पुलकित गुप्ता रहे। वहीं, कंबल वितरण में अतिथि के रूप में लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के प्रधान नितीन अग्रवाल, पूर्व गवर्नर एवं पीएमसीसी विनय गर्ग, जोन चेयरपर्सन रविंद्र जैन, दीपक गर्ग एवं नफे सिंह रहे। वहीं, विनय गर्ग ने कहा कि सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को सर्दी से बचने के लिए कंबल वितरण करना बहुत ही पुण्य का कार्य है। नितीन अग्रवाल ने बताया कि चेतना स्कूल के बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा एवं कम्पयूटर ज्ञान दिलाने के उद्देश्य से पांच कम्पूयटर क्लब शीघ्र भेंट करेगा।

## कमेरे वर्ग की हितैषी है वीबी जी रामजी : दुष्यंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट।

भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बताया कि परिवर्तन समाज का नियम है इसलिए कल्याणकारी योजनाओं में भी समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप समय-समय पर परिवर्तन किए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में मनरेगा में भी अनेक नए प्रावधान शामिल किए गए हैं। अब इस योजना का नाम वीबी जीरामजी कर दिया गया है और नए प्रावधानों के तहत रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है, जिससे ग्रामीण श्रमिकों की मजदूरी और रोजगार सुरक्षा को बड़ा बढ़ावा मिला है साथ ही इस योजना का किसानों को भी लाभ होगा। भट्ट ने कहा कि अक्टूबर 2014 से अक्टूबर 2025 तक हरियाणा में श्रमिकों को 5 हजार 243 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि कांग्रेस के 10 वर्षों के शासनकाल में केवल 1 हजार 854 करोड़ रुपये ही दिए गए थे। उन्होंने बताया कि विकसित भारत जी राम जी योजना में भ्रष्टाचार रोकने के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, डिजिटल उपस्थिति, सीधे खाते में भुगतान, जियो-टैगिंग और सैटेलाइट इमेजरी जैसे कड़े प्रावधान किए गए हैं।

---

*श्री सुंदरकांड के पाठ से नकारात्मकता दूर होती है और सकारात्मकता ऊर्जा का वातावरण बनता है*

# मानव को सुख-समृद्धि प्रदान करता है सुंदरकांड का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** श्री गणेश मंदिर में सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु। **फोटो : हरिभूमि**

पानीपत के मॉडल टाउन क्षेत्र की भाटिया कॉलोनी के श्री गणेश मंदिर में शनिवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। वहीं मंदिर प्रबंधक समिति के प्रधान बलेदव व महासचिव हरीश बंसल ने बताया कि श्री सुंदरकांड का पाठ करने से मानव की मनोकामना पूर्ति, सुख-शांति, समृद्धि और संकट निवारण होता है। श्री सुंदरकांड के पाठ से नकारात्मकता दूर होती है और सकारात्मकता उर्जा का वातावरण बनता है। इस अवसर पर सतीश फुटेला, अशोक जख्मी, दीपू, गुलशन धमीजा, सुभाष, राजेंद्र गांधी, आशा ठकराल, ममता, हेमा, रेखा, सोनिया, सीमा, सुदेश बंसल, अंजू, रीता, रचना, सोनिया, नीलम राज, सुमित्रा, शकुंतला, निधि अरोरा, मेघा, संगीता धमीजा, तान्या, अनीता कटारिया, कमलेश, अनीता गांधी, पूजा व शकुंतला समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# समावेशी समाज का निर्माण करें युवा

- आईबी कॉलेज में लैंगिक समानता व डिजिटल साक्षरता के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत




**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के एनएसएस कैंप में अतिथियों को पौधे भेंट करती प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक व अन्य। **फोटो : हरिभूमि**

आईबी पीजी कॉलेज की एनएसएस यूनिट द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन शनिवार को लैंगिक समानता व डिजिटल साक्षरता पर कार्यक्रम हुए। मुख्य सत्र में मर्था फैरेल फाउंडेशन की प्रोग्राम ऑफिसर सोनिया खत्री ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उनके साथ एएसआई रेनु भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत में कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, डॉ. सुनीत शर्मा, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर खुशबू और प्राध्यापक कुलदीप शर्मा ने मुख्य अतिथियों को गमला भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया। प्राचार्या डॉ. शशिप्रभा मलिक ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि एक शिक्षित और सशक्त राष्ट्र वही है जहां बेटियां सुरक्षित महसूस करें और उन्हें बेटों के समान आगे बढ़ने के अवसर मिलें। हमारे स्वयं सेवक समाज में इस बदलाव के वाहक हैं।

**समाज में बदलाव की शुरुआत घर से होती है**

मुख्य वक्ता सोनिया खत्री ने स्वयं सेवक विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में बदलाव की शुरुआत हमारे अपने घर और सोच से होती है। लैंगिक समानता का अर्थ केवल पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार देना नहीं है, बल्कि एक ऐसा वातावरण तैयार करना है जहां अवसर लिंग के आधार पर नहीं, बल्कि योग्यता के आधार पर मिलें। युवाओं को रूढ़िवादी सोच को तोड़कर एक समावेशी समाज का निर्माण करना होगा। खुशबू ने बताया कि लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता केवल एक दिन का विषय नहीं, बल्कि हमारे जीवन का संस्कार होना चाहिए।

---

# जनता के लिए भरोसेमंद हो न्यायालय : विनोद

- हाईकोर्ट के आधिकारिक प्रशासनिक न्यायाधीश ने पानीपत जिला अदालत का निरीक्षण किया
- डिस्पेंसरी, ज्यूडिशियल वाहन पार्किंग, कैंटीन का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विनोद भारद्वाज का स्वागत दृश्य।

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आधिकारिक प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति विनोद एस. भारद्वाज ने शनिवार को पानीपत जिला अदालत का निरीक्षण किया। वहीं, न्यायमूर्ति भारद्वाज का मुख्य उद्देश्य न्यायिक बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण और न्यायालय परिसर में सुविधाओं का विस्तार करना रहा। वहीं, न्यायमूर्ति भारद्वाज ने न्यायालय परिसर में नवनिर्मित ज्यूडिशियल वाहन पार्किंग, नव-स्थापित कैंटीन और डिस्पेंसरी का विधिवत उद्घाटन कर आम जनता और न्यायिक स्टाफ को समर्पित किया। इन सुविधाओं के शुरू होने से न केवल न्यायिक अधिकारियों और वकीलों को राहत मिलेगी, बल्कि दूर-दराज से आने वाले वादकारियों को भी बेहतर माहौल और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। डिस्पेंसरी की स्थापना को विशेष रूप से एक मानवीय कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिससे परिसर में किसी भी आपातकालीन स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सकेगी।

**न्यायमूर्ति भारद्वाज का स्वागत किया**

न्यायमूर्ति भारद्वाज का जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश शर्मा और समालखा उपमंडल के सभी न्यायिक अधिकारियों ने स्वागत किया। जबकि न्यायालय के मुख्य द्वार पर बनाई गई पारंपरिक और सुंदर रंगोली ने कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाया। न्यायमूर्ति भारद्वाज ने परिसर का गहन निरीक्षण किया और न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित मामलों के निपटान और प्रशासनिक कुशलता पर विस्तृत चर्चा की।

# रक्तदान करना पुण्य का कार्य है : मुंझाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



आदर्श एक विश्वास के अध्यक्ष नवीन मुंझाल, संत लोकेश दास के साथ।

आदर्श एक विश्वास सोसायटी द्वारा सामाजिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए नौवां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कच्चा कैंप में शिवालय मंदिर में रविवार को आयोजित होगा। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में संत लोकेश दास महाराज, विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, डा.संजय सेन, डा.जगजीत आहूजा, पार्षद सांची तनेजा, कपिल अनेजा, विशाल चावला, सोनिया गाबा आदि उपस्थित रहेंगे। वहीं, सोसायटी के प्रधान नवीन मुंजाल ने कहा कि रक्तदान करना पुण्य कार्य है। वहीं आदर्श एक विश्वास सोसायटी का प्रयास है कि जरूरतमंदों को आसानी से रक्त उपलब्ध हो जाए।

### 'सरस्वती महोत्सव' की तैयारियां जोरों पर

**कैथल।** हरियाणा सरकार द्वारा बसंत पंचमी के पावन पर्व को समर्पित 'सरस्वती महोत्सव' की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में कैथल डीसी अपराजिता ने बताया कि जिले के गांव पोलड़ और पिसोल तीर्थ पर 23 जनवरी को विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। डीसी अपराजिता ने बताया कि 23 जनवरी को सुबह 11 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जिसमें मुख्य रूप से सरस्वती नदी के पुनरुद्धार और जनकल्याण की कामना के साथ विधि-विधान से हवन किया जाएगा। स्थानीय स्कूली छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। पूजा-अर्चना के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

---

*सर्वप्रथम इंद्रो ने भगवान का अभिषेक किया*

# विश्व शांति की कामना से प्रभु आदिनाथ को नमन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ का पूजन करते हुए श्रद्धालु।

श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर हुडा में प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ (ऋषभदेव) भगवान का मोक्ष कल्याणक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं, त्रिदिवसीय भक्तामर महामंडल अर्चना के अंतर्गत एकत्रित श्रद्धालुओं ने बड़े भक्ति भाव के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया। सर्वप्रथम इंद्रो ने भगवान का अभिषेक किया तथा विशेष रूप से 108 रिद्धि मंत्र कलशों के द्वारा प्रभु का महामस्तकाभिषेक किया गया। जबकि सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य सौरव जैन व चक्रवर्ती बनने का सौभाग्य सुरेश जैन, सौभाग्यवती अनु जैन, धनपति कुबेर जितेंद्र जैन, सौभाग्यवती अरुणा जैन, इशान इंद्र दीपक जैन सौभाग्यवती ललिता जैन यज्ञनायक रविंद्र जैन सौभाग्यवती गीता जैन, प्रथम महा लाडु चढ़ाने का सौभाग्य बबीता जैन धर्मपत्नी रमेश जैन व द्वितीय लाडू महक जैन पुत्री नेहा जैन व नरेश जैन को प्राप्त हुआ। वहीं, मंडल पर 48 अर्घ समर्पित किए गए तथा हवन के माध्यम से विश्व शांति की कामना की गई। इधर, अनुष्ठान में विधानाचार्य अमन शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक श्रावक को जिंदगी में तीन भावनाएं अवश्य रखनी चाहिए।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर कमला जैन, मनोज जैन, विकास जैन, नरेश जैन, सुनीता जैन समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### प्रभु ऋषभदेव मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर गर्म कपड़े बांटे

# निर्धनों की मदद करना नागरिकों का नैतिक कर्तव्य

*भगवान ऋषभदेव जी के पुत्र भरत के नाम पर ही देश का नाम भारत पड़ा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन, महिला को गर्म वस्त्र भेंट करते हुए।

समाज सेवा संगठन द्वारा अग्रवाल मंडी कार्यालय पर निर्धन व जरूरमंद महिलाओं को सर्दी से बचाव के लिए सहायतार्थ गर्म कपड़े भेंट किए गए। वहीं समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा समाज सेवा संगठन ने शनिवार को भगवान ऋषभदेव मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर सुशीला जैन के सहयोग से निर्धन व जरूरतमंद महिलाओं को गर्म जर्सी भेंट की। निर्धनों की मदद करना नागरिकों का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि भगवान ऋषभदेव जी ने केवल ज्ञान प्राप्त करने से पहले 1000 वर्ष तक कठोर तपस्या की और 13 माह के उपवास के बाद गन्ने के रस से उपवास संपंन किया था। भगवान ऋषभदेव जी के पुत्र भरत के नाम पर ही देश का नाम भारत पड़ा। उन्होंने कहा कि देने के लिए दान, लेने के लिए ज्ञान, त्यागने के लिए अभिमान की नीतियों का हर नागरिक को पालन करना चाहिए। इस अवसर पर सुशीला जैन, कैलाश जैन, अमित जैन, अंकित माटा आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## ईशु गोयल को सौंपी महासचिव की जिम्मेदारी

**अंबाला।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के नए पदाधिकारी की घोषणा की। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने युवा कांग्रेसी नेता ईशु गोयल को जिला कांग्रेस कमेटी में



महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। बता दें कि ईशु गोयल की पत्नी मेगा गोयल वार्ड नंबर 9 से निवर्तमान निगम सदस्य हैं। खुद ईशू गोयल लंबे समय से कांग्रेस पार्टी में विभिन्न पदों पर काम कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने गोयल की सेवाओं को देखते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी दी है। गोयल ने नई जिम्मेदारी मिलने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा,सांसद वरुण मुलाना,विधायक निर्मल सिंह समेत तमाम बड़े नेताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से मिली नहीं जिम्मेदारी का वह पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

## कृषि यंत्रों का दूसरा भौतिक सत्यापन 20 से

**अंबाला।** सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अनुदान पर दिए जाने वाले कृषि यंत्रों का दूसरा भौतिक सत्यापन किया जाएगा। जिन किसानों का पहला सत्यापन दिसंबर माह में हो चुका है, उनका दूसरा सत्यापन निदेशालय के निर्देशानुसार निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 जनवरी को इन-सीटू यंत्र (सुपर सीडर), 21 जनवरी को एक्स-सीटू यंत्र (स्ट्रॉ बेलर, हे रेक) तथा 22 जनवरी को अन्य कृषि मशीनों का सत्यापन किया जाएगा। ब्लॉक अंबाला-1 व अंबाला-2 का सत्यापन अनाज मंडी, अंबाला सिटी में तथा ब्लॉक बराड़ा व साहा का सत्यापन नई अनाज मंडी, मुलाना में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा।

## सीआरएसयू में छात्र झेल रहे पेयजल समस्या

**जींद।** सीआरएसयू के लॉ डिपार्टमेंट में विद्यार्थियों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। छात्र नेता सुमित लाठर ने कहा कि पिछले 15 दिन से वाटरकूलर के पास वाला गेट बंद पड़ा है। जबकि एक तारीख से कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को पानी के पानी के लिए ऊपर से घूम कर आना पड़ता है। इसके बारे में कई बार विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका थाए लेकिन इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

## भाजपा राज में प्रदेश में लगातार बढ़ रहा अपराध

**कुरुक्षेत्र।** शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में महिला प्रदेश कार्यकारिणी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रदेश महिला अध्यक्ष रेनू भारद्वाज, उत्तराखंड प्रभारी सुनीता गावड़े, दिल्ली प्रभारी सुनीता सहरावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी मोनिका डुमरा इत्यादि ने उनका पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया।

### रेलवे को इस साल 2086 करोड़ मिले पर दक्षता शील्ड पर जमाया कब्जा

# कमाई के मामले में रेलवे ने तोड़े रिकॉर्ड

***मालभाड़े से 1229 करोड़ रुपये का राजस्व मिला, यात्री सेवाओं से आए 729 करोड़ रुपये***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला रेल मंडल ने साल 2025-26 के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर रेलवे की प्रतिष्ठित ओवरऑल दक्षता शील्ड पर कब्जा जमाया है। दरअसल रेल मंडल ने कमाई के मामले में भी नया रिकॉर्ड बनाया है। इसी वजह से यह उपलब्धि हासिल हुई है। रेलवे को इस साल 2086 करोड़ रुपये मिले हैं। इसमें मालभाड़े के तहत 1229 करोड़ राजस्व की प्राप्ति की गई, वहीं यात्री सेवाओं से 729 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इसी प्रकार रेलवे ने पार्सल और अन्य सेवाओं से 63 करोड़ तथा फुटकर स्रोतों से 65 करोड़ रुपये जुटाए हैं। डीआरएम विनोद भाटिया ने सभी विभागीय अधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। सभी अधिकारियों के साथ उनके विभाग द्वारा किए गए कार्य को लेकर मिली शील्ड को साझा किया। इस दौरान रेल कर्मचारियों ने ढोल की थाप पर खुशी जाहिर की और डीआरएम का स्वागत किया। डीआरएम विनोद भाटिया ने बताया कि उत्तर रेलवे ने पांच मंडलों, दिल्ली,अंबाला, लखनऊ, मुरादाबाद और फिरोजपुर में 31 शील्ड को वितरित किया गया। इसमें सबसे ज्यादा शील्ड उत्कृष्ट कार्य को लेकर अंबाला मंडल ने हासिल कीं जोकि 10 शील्ड हैं, यह पूरे मंडल के लिए सम्मान का विषय है और यह सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से ही संभव हो पाया है। समारोह के दौरान छह विभागों में एकल शील्ड प्रदान की गईं। इसमें लेखा विभाग को वित्त शील्ड, वाणिज्य विभाग को बुकिंग, पार्सल, टिकट तथा माल सेवा के संचालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन शील्ड, सिविल इंजीनियरिंग विभाग को सिविल कार्य में उत्कृष्ट कार्य शील्ड, राजभाषा विभाग को सरकारी काम-काज में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए राजभाषा शील्ड एवं रेलवे सुरक्षा बल को सुरक्षा शील्ड प्रदान की गई। इसी प्रकार चार विभागों में संयुक्त शील्ड के तौर पर उत्कृष्ट छोटे स्टेशन की शील्ड - बड़ोग स्टेशन, लोकोमोटिव शेड शील्ड - सहारनपुर, सिविल इंजीनियरिंग (ट्रैक) शील्ड, टेलीकम्युनिकेशन परफॉर्मेंस शील्ड प्रदान की गई।




### पॉवर प्लांट लगाने का निर्णय

उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल ने अपने विभिन्न स्टेशनों, कार्यालय और लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर 1000 किलोवाट (1 एमडब्लयूपी) की क्षमता वाले ऑन-ग्रिड सोलर पॉवर प्लांट लगाने का निर्णय लिया है। इसके लिए रेलवे की ओर से 5.88 करोड़ रुपये की निविदा जारी की गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 29 जनवरी दोपहर तीन बजे तक निर्धारित की गई है। कंपनी को आगामी 3 वर्षों तक इन प्लांट्स की व्यापक रूप से देख-रेख करना अनिवार्य होगा। रेलवे की ओर से जारी सूची के अनुसार अंबाला मंडल के 37 महत्वपूर्ण स्थानों को सौर ऊर्जा से लैस किया जाएगा। इनमें बरनाला रेलवे स्टेशन पर 30 किलोवाट का सोलर प्लांट लगाया जाएगा। इसी प्रकार घग्गर स्टेशन पर 30 किलोवाट, खन्ना में 43 किलोवाट, न्यू मोरिंडा व भरतगढ़ में 40-40 किलोवाट, बीसीएन कार्यालय कॉम्प्लेक्स (अंबाला) में 70 किलोवाट (सर्वाधिक क्षमता) सहित धुलकोट, खरड़, समराला, खमाणों, लालकलां, सराय बंजारा और हड़ियाया आदि में सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। प्राथमिक चरण में रेलवे ने अंबाला मंडल के अधीन कुछ रेलवे स्टेशन पर सोलर प्लांट लगाए थे। इसमें अंबाला कैंट के अलावा जगाधरी-यमुनानगर, अंबाला सिटी को इस सुविधा से लैस किया गया है और इससे लगभग 70 लाख रुपये की बचत प्रतिमाह रेलवे को हो रही है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य बिजली के बिलों में कटौती करना और पर्यावरण के अनुकूल हरित ऊर्जा को बढ़ावा देना है। 69 महीनों के भीतर पूरे प्रोजेक्ट को रखरखाव सहित पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# प्राइवेट बसों की तानाशाही के खिलाफ रिटायर्ड कर्मचारी संघ 18 को परिवहन मंत्री से मिलेगा

***वरिष्ठ नागरिकों को उठानी पड़ रही परेशानी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। बैठक में भाग लेते लोग।

प्राइवेट बस मालिकों की मनमानी और वरिष्ठ नागरिकों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के खिलाफ रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा (पंजीकरण संख्या 196) ने कड़ा रुख अपनाया है। इसी संदर्भ में आज कस्बा बराड़ा में संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला प्रधान कुलदीप चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को परिवहन सुविधाओं में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा सरकार के आदेशानुसार राज्य की सभी बसों में वरिष्ठ नागरिकों को किराए में 50 प्रतिशत की छूट दिए जाने का प्रावधान है, लेकिन पिछले दो माह से अधिक समय से प्राइवेट बस संचालकों द्वारा बिना किसी कारण इस छूट को देना बंद कर दिया गया है। संघ पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि छूट मांगने पर बुजुर्ग यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। यहां तक कि महिलाओं को भी धक्के मारकर बस स्टॉप से पहले ही निर्जन स्थानों पर उतार दिए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। प्राइवेट बसों का स्टाफ मनमाने ढंग से अनुशासनहीनता का परिचय दे रहा है।

## विदेशी कीमती गिफ्ट के लालच में फंसी महिला 18 लाख का लगा चूना

**अंबाला।** यूके में मुंह बोले भाई ने कीमती गिफ्ट का झांसा देकर टोबा गांव की रीटा रानी से 17 लाख 93 हजार 800 रुपये की धोखाधड़ी हो गई। पहले तो शातिर ने सोशल मीडिया पर भाई बनकर विश्वास जीता और फिर महिला से कस्टम ड्यूटी और पुलिस क्लीयरेंस के नाम पर पैसे अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। साइबर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज किया है। रीटा ने बताया कि करीब दो महीने पहले व्हाट्सएप पर उसकी बात राहुल नाम के व्यक्ति से शुरू हुई थी, जिसने खुद को ब्रिटेन यूके का बताया था। राहुल ने अपनी बहन बनाकर विश्वास जीतने के लिए अपनी मां व बेटी काजल से भी व्हाट्सएप पर बात करवाई।




अंबाला। कार्यक्रम में भाग लेते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### बिजली निगम ने मनाया सुरक्षा दिवस, कर्मचारियों को दिए गए आधुनिक सुरक्षा उपकरण

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता वी.के. गोयल की अध्यक्षता में शनिवार को पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में सुरक्षा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी अभियंता, उपमंडल अधिकारी, जूनियर इंजीनियर एवं तकनीकी कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अधीक्षक अभियंता वी.के. गोयल ने कर्मचारियों को बिजली लाइनों पर कार्य करते समय बरती जाने वाली सुरक्षा सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फील्ड स्टाफ को विशेष रूप से बरसात के दिनों में अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा कर्मचारियों को उत्तम गुणवत्ता के आधुनिक सुरक्षा उपकरणों से युक्त बैग वितरित किए गए।

# डीएवी बराड़ा में स्ट्रेस मैनेजमेंट व फिजिकल एजुकेशन की कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। कार्यशाला में भाग लेते शिक्षकगण।

डीएवी पब्लिक स्कूल बराड़ा में शिक्षकों को नवीन शैक्षिक विधियों से अपडेट रखने के उद्देश्य से स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर इन-हाउस सीबीपी (कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रशासन का मानना है कि शिक्षा व शिक्षण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसे समय-समय पर प्रशिक्षण के माध्यम से सुदृढ़ किया जाना आवश्यक है।

इस कार्यशाला में आरपी रविंद्र आर्य एवं डॉ. रेनू सुहाता उपस्थित रहे। आरपी रविंद्र आर्य ने अत्यंत सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से दैनिक जीवन में उत्पन्न होने वाले तनाव से बचने के अनेक प्रभावी उपायों पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला के दौरान कक्षा में लगभग छह घंटे तक जीवंत एवं सकारात्मक वातावरण बना रहा। इसी क्रम में विद्यालय में फिजिकल एजुकेशन विषय पर सीबीएसई द्वारा आयोजित दो दिवसीय सीबीपी का भी आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा व हिमाचल प्रदेश से आए लगभग 60 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर आरपी योगेंद्र सिंह एवं आशिष आनंद उपस्थित रहे।

# खालसा गर्ल्स कॉलेज में एनएसएस शिविर के तीसरे और चौथे दिन जागरूकता कार्यक्रमों की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। कैम्प में भाग लेने वाली छात्राएं।

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क के निर्देशन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूजा के समन्वय में यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी विषय पर आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर निरंतर प्रभावशाली गतिविधियों के साथ आगे बढ़ रहा है। शिविर के तीसरे दिन एनएसएस स्वयंसेविकाएं गांव राजौली पहुंचीं, जहां साक्षरता एवं डिजिटल जागरूकता विषय पर एक रैली निकाली गई। इस अवसर पर एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. आनंद कुमार ने गांव पहुंचकर स्वयंसेविकाओं से संवाद किया। उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं को सुना तथा एनएसएस के माध्यम से देश सेवा में युवाओं की भूमिका पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके उपरांत कॉलेज की लाइब्रेरियन डॉ. सीमा सैनी द्वारा पर्यावरण का महत्व विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया, जिसे स्वयंसेविकाओं ने ध्यानपूर्वक सुना। कृत्रिम आभूषण निर्माण की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के चौथे दिन भी विभिन्न शैक्षणिक एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

### यातायात नियम बताए

कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. नवनीत कौर ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रैफिक नियमों तथा सुरक्षा उपायों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूजा ने उनका धन्यवाद करते हुए छात्राओं को नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेविकाएं पुनः गांव राजौली पहुंचीं, जहां बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही इसी विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसके माध्यम से बेटियों को समान अधिकार, शिक्षा और सम्मान देने का सशक्त संदेश दिया गया।

# मूल्यांकन परीक्षाएं शुरू, 300 से ज्यादा स्कूलों के छात्र कर रहे हैं भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

सीबीएसई बोर्ड माध्यम से चल रहे राजकीय व निजी स्कूलों में मूल्यांकन परीक्षाएं शुरू हो गई। कई स्कूलों में पहले दिन मूल्यांकन परीक्षाएं करवाई गई। इन परीक्षाओं को लेने के लिए बोर्ड की ओर से बाहरी परीक्षक लगाए गए हैं। परीक्षा लेने के लिए आंतरिक परीक्षक भी साथ होंगे। इन परीक्षाओं को लेकर पर्यवेक्षक नजर रखेंगे। यह पर्यवेक्षक भी दूसरे स्कूलों से लगाए गए हैं। पहले कुछ ही विषयों के लिए परीक्षक होते थे। इस बार सभी विषयों के परीक्षक लगाए गए हैं। वहीं, आगामी 15 फरवरी से बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाएं होनी हैं।

### इस प्रकार होंगी परीक्षाएं

शीतकालीन अवकाश वीरवार को खत्म हो गए। अब स्कूलों में मूल्यांकन परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। बोर्ड की ओर से यह परीक्षाएं करवाने के लिए 14 फरवरी तक का समय दिया गया है। जिले के ज्यादातर स्कूलों ने इन परीक्षाओं को पूरा करवाने के लिए फरवरी माह के शुरूआत तक का लक्ष्य रखा गया है, क्योंकि इनके अंक भी अपलोड किए जाने हैं। हर में डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी ने बताया कि स्कूलों में 13 विषयों की मूल्यांकन परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। इन परीक्षाओं को करवाने के लिए बाहरी परीक्षक के साथ पर्यवेक्षक भी नजर रखेंगे। वहीं, स्कूल में रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, राजनीति शास्त्र, कंप्यूटर, इतिहास, संगीत, अकाउंटेंसी, अर्थशास्त्र, बिजनेस स्टडी, भूगोल सहित अन्य विषयों की मूल्यांकन परीक्षाएं होंगी।

# श्रीरघुनाथ मंदिर में 20 जनवरी से श्रीमद् भागवत गीता का होगा प्रवचन

***श्रद्धालुओं को धर्म, सत्य एवं कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलेगी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर में आध्यात्मिक चेतना एवं भक्ति भाव को जागृत करने के उद्देश्य से श्रीमद् भागवत गीता प्रवचन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह पावन आयोजन 20 जनवरी से 28 जनवरी तक प्रतिदिन सायं 3 बजे से 6 बजे तक श्री रघुनाथ मंदिर, नावल्टी रोड, अंबाला शहर में आयोजित होगा। आयोजन समिति के कैशियर



अंबाला। महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरि जी महाराज।

शीतल बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आध्यात्मिक कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरि जी महाराज, हरिद्वार करेंगे। यह आयोजन पूज्य स्वामी सुदर्शनानंद गिरि जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। प्रवचनों के दौरान श्रीमद् भागवत एवं गीता के गूढ़ तत्वों का सरल और सारगर्भित विवेचन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को धर्म, सत्य एवं कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरि जी महाराज का 18 जनवरी को अंबाला आगमन होगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन धार्मिक महत्व के साथ-साथ सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक उन्नति का भी संदेश देगा।

# विकसित भारत जी-राम-जी योजना में ग्रामीण रोजगार की मजबूत गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय "अम्ब कमल" में शनिवार को भाजपा जिला कार्यकारिणी की विकसित भारत जी-राम-जी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने की। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुजर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान केंद्र सरकार की विकसित भारत जी-राम-जी योजना के अंतर्गत ग्रामीण रोजगार गारंटी से जुड़े प्रावधानों की विस्तृत जानकारी भाजपा कार्यकर्ताओं को दी गई।

### योजना की दी जानकारी

कार्यशाला के उपरांत आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुजर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई विकसित भारत जी-राम-जी योजना ग्रामीण रोजगार की सशक्त गारंटी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यह योजना मनरेगा की तुलना में अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी है। कंवर पाल गुजर ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी गई है, जबकि मनरेगा में यह सीमा 100 दिन की थी। उन्होंने कहा कि सुधारों एवं पारदर्शी व्यवस्था के कारण यह योजना ग्रामीण श्रमिकों के लिए अधिक लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सहित अन्य दल इस योजना को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।

## 51 पंचायतों को टीबी मुक्त करने का ऐलान

**बराड़ा।** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) सतिंद्र सिवाच की अध्यक्षता में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय टीबी फोरम की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में प्रगति की समीक्षा करना था। एसडीएम ने बताया कि पिछले वर्ष साहा और बराड़ा ब्लॉक की 44 पंचायतें टीबी मुक्त हुई थीं जबकि इस वर्ष 51 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करने की तैयारी है। बैठक में बाल टीबी मामलों, घरेलू जांच के लिए हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीनों के उपयोग और निक्षय मित्र पहल पर विस्तार से चर्चा हुई। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. सीमा ने अपील की कि दो सप्ताह से अधिक खांसी होने पर तुरंत सरकारी केंद्र में जांच कराएं। बैठक में टीबी चैंपियनों ने अपने अनुभव सांझा किए और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जागरूकता अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला टीबी अधिकारी डॉ. शिखर गोयल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## महिला और छह वर्षीय बच्ची लापता, केस दर्ज

**अंबाला।** गांव मियांपुर निवासी राकेश कुमार ने अपनी पत्नी और छह वर्षीय बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना साहा में दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार उनकी पत्नी प्रीति 9 जनवरी को अपनी बेटी के साथ पंचकूला अपने मायके जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन अब तक वापस नहीं लौटी। पुलिस के अनुसार गुमशुदा प्रीति की उम्र करीब 35 वर्ष है और उसने मोरपंखी रंग का सलवार-सूट पहना हुआ था। इस संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर थाना साहा के मोबाइल नंबर 9729990128, जांच अधिकारी 99956652606 या थाने के दूरभाष नंबर 0171-2821055 पर संपर्क करने की अपील की गई है।

### जीएमएन कॉलेज में सात दिवसीय कार्यशाला संपन्न

# 'हरित संकल्प उपवन' पर्यावरण संरक्षण की सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कॉलेज, अंबाला कैंट में मिशन ग्रीन एवं लीप, मुंबई के सहयोग से आयोजित "पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास" विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का शनिवार को सफल समापन हो गया।

कार्यशाला के अंतिम दिन पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार प्रमुख गतिविधियों का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों एवं आमंत्रित तीन




अंबाला। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

पर्यावरणविदों ने कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों द्वारा विकसित 'हरित संकल्प उपवन' का भ्रमण किया। इस दौरान उपवन में अपशिष्ट सामग्री से निर्मित पेंटिंग्स को देखकर पर्यावरणविदों ने विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती हैं, बल्कि मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

### स्वयंसेवकों और शिक्षकों ने रोपे पौधे

कार्यक्रम के तहत कॉलेज परिसर में पौधरोपण अभियान भी चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों व शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके साथ ही प्रतिभागियों को लीफ कंपोस्टिंग की विधि एवं उसकी संरचना की व्यावहारिक जानकारी दी गई, ताकि जैविक कचरे के उचित प्रबंधन को प्रोत्साहित किया जा सके। इस अवसर पर छात्रों ने 'ईच वन प्लांट वन' का संकल्प भी लिया। जीएमएन नर्सिंग कॉलेज के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. सुभाष धमीजा ने छात्रों द्वारा तैयार किए गए 'हरित संकल्प उपवन' को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठा एवं प्रेरणादायी प्रयास बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला के दौरान पर्यावरणविदों ने एनएसएस, एनसीसी, इको क्लब, वाईआरसी, एसडीजी एवं समाजशास्त्र विभाग की भूमिका की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कॉलेज द्वारा किए जा रहे प्रयासों को अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। समापन अवसर पर छात्रों व शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कॉलेज प्रशासन ने सभी सहयोगी संस्थाओं, विभागों, स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।





इन दिनों पूरी दुनिया में जेन जी की काफी चर्चा हो रही है। बिल्कुल युवा इस पीढ़ी का चीजों को देखने का, जीवन को जीने का अलग अंदाज है। ये हर तरह के दबाव, तनाव और बंदिशों से मुक्त होकर जीने के कायल हैं। निकट भविष्य में इनकी जीवनशैली, फैशन सेंस और उनके वर्क पैटर्न में कई बदलाव देखने को मिलेंगे।

कवर स्टोरी

शिखर चंद जैन

## आने वाले दिनों में बदल जाएगी

# जेन जी की लाइफस्टाइल

जेन जी का जिक्र आते ही उत्साह-उमंग से भरी युवा पीढ़ी की छवि मन में उभरती है। लेकिन कई मायने में यह जेनरेशन बहुत समझदार, व्यावहारिक और जीवन को पूरी तरह जीने में यकीन करती है। आने वाले दिनों में इनकी जीवनशैली, फैशन और कार्यशैली में कुछ नए बदलाव दिखेंगे।

**कूल लाइफस्टाइल को महत्व:** जेन जी के युवाओं का इंटेंशनल लिविंग पर जोर रहेगा। डिजिटल शोर से दूर रहने के लिए जेन जी, पुरानी आदतों जैसे हाथ से पत्र लिखना और शांतिपूर्ण व्यक्तिगत स्थान बनाने की ओर झुकाव दिखाएगी। वर्क कल्चर भी इस तरह बदलेगा कि वे अब केवल सैलरी नहीं बल्कि मेंटल हेल्थ, फ्लेक्सिबल वर्क और अपने वैल्यूज के साथ मैच करने वाले काम को प्राथमिकता देंगे।

**सबसे जरूरी हेल्थ-वेलनेस:** बढ़ती मानसिक बीमारियों के बीच जेन जी के युवा फिजिकल से ज्यादा मेंटल हेल्थ को लेकर अवेयर रहेंगे। कुछ अध्ययन साबित करते हैं कि 92 प्रतिशत युवा कार्यस्थल और स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करना चाहेंगे। युवा ऐसे भोजन और पेय पदार्थों की मांग करेंगे, जो न केवल स्वाद दें, बल्कि तनाव कम करने और ब्रेन हेल्थ मेंटेन करने में मदद करें। योग के साथ-साथ 'ब्रीदिंग टेक्नीक' (सांस लेने की तकनीक) तनाव प्रबंधन के लिए एक बड़ा ट्रेंड बनेगा।




**टेक्नोफैशन का ट्रेंड:** जल्द ही 'व्हाइट लग्जरी' (शांत विलासिता) का दौर खत्म होगा और जेन जी बोल्ड कलर्स, चमकदार एक्सेसरीज और लेयर्ड ड्रेसेस को अपनाएंगे। युवाओं में विंटेज ब्लेजर, ओवरसाइज्ड टर्टलनेक और मैसेंजर बैग जैसे 'राइटर लुक' का चलन बढ़ेगा। ड्रेस बनाने में नए मैटीरियल आजमाए जाएंगे। जैसे प्लांट बेस्ड फैब्रिक्स और स्मार्ट टेक हुडीज। 'स्मार्ट टेक हुडी' एक ऐसी ड्रेस है, जिसमें नई तकनीक या स्मार्ट फैब्रिक को आराम और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए शामिल किया जाता है, जो इसे सामान्य हुडी से अलग बनाता है। इन हुडीज में स्वास्थ्य की निगरानी करने वाले सेंसर या यात्रा के अनुकूल कई पॉकेट जैसी सुविधाएं हो सकती हैं। जैसे वियरेबल टेक्नोलॉजी के उपयोग से कुछ हाई-एंड स्मार्ट हुडीज में ऐसे सेंसर लगे होते हैं, जो बायोमेट्रिक और फिजिकल डेटा जैसे हृदय गति और तापमान को ट्रैक कर सकते हैं। ये अकसर ब्लूटूथ के माध्यम से स्मार्टफोन एप से जुड़ते हैं, जिससे उपयोगकर्ता अपनी फिटनेस मेट्रिक्स की निगरानी कर सकते हैं। या फिर टेक्निकल फैब्रिक्स इस्तेमाल होंगे। जैसे कई 'टेक' हुडीज फाइन फैब्रिक से बनाई जाती हैं, जिनमें नमी सोखने, दुर्गंध-रोधी और दाग-धब्बे हटाने जैसी विशेषताएं होती हैं। ये विशेष रूप से एथलीटों और यात्रियों के लिए डिजाइन की जाती हैं ताकि उन्हें पूरे दिन आरामदायक रखा जा सके। कुछ हुडीज को 'स्मार्ट' इसलिए कहा जाता है क्योंकि उनमें कई विशेष रूप से डिजाइन की गई पॉकेट्स होती हैं। कुछ कंपनियों की ट्रैवल हुडीज में 15 से अधिक पॉकेट्स होती हैं, जिनमें पासपोर्ट, पावर बैंक, धूप का चश्मा और पानी की बोतल रखने के लिए पॉकेट्स होते हैं।





**प्रोफेशन में मेंटल पीस को प्रायोरिटी:** आने वाले दिनों में जेन जी के लिए वर्क लाइफ बैलेंस और मानसिक स्वास्थ्य लाभ सर्वोच्च प्राथमिकता पर होंगे। लगभग 61 प्रतिशत जेन जी ऐसी नौकरी छोड़ने को तैयार होंगे, जो बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं देती हैं। केवल 23 प्रतिशत जेन जी ही पूरी तरह से रिमोट काम करना चाहेंगे, जबकि अधिकांश हाइब्रिड या ऑफिस में सहयोग को प्राथमिकता देंगे। एक अध्ययन के मुताबिक लगभग 44 प्रतिशत जेन जी उन नौकरी प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकते हैं, जो उनके व्यक्तिगत मूल्यों या नैतिकता के खिलाफ होंगे। यह पीढ़ी जॉब सिक्योरिटी के लिए ब्लू-कॉलर जॉब्स में रुचि लेगी।

**टेक्नोलॉजी का पॉजिटिव यूज:** आने वाले दिनों में जेन जी ज्यादा जिम्मेदारी और समझ से तकनीक के उपयोग की तैयारी में है। जेन जी के युवा एआई को केवल एक टूल नहीं, बल्कि एक रचनात्मक साथी के रूप में देखेंगे। वे एआई द्वारा तैयार की गई तस्वीरों और वीडियो में पारदर्शिता की मांग करेंगे। टेक्नोलॉजी के यूज से खरीदारी का तरीका भी बदलेगा। *

### आ चुकी है नई पीढ़ी जेनरेशन बीटा



**जेन जी** के बारे में जानने के साथ यह जानना भी दिलचस्प है कि नेक्स्ट जनरेशन का उदय हो चुका है। 2025 से 2039 के बीच पैदा होने वाले बच्चों को 'जनरेशन बीटा' कहा जाएगा, जो जेन जी और जेन अल्फा के बाद की सबसे एडवांस जेनरेशन होगी। यह जेनरेशन तो एआई के साथ खेलते-जीते बड़ी होगी। उनका भविष्य आगामी वर्षों में होने वाली टेक्नो डेवलपमेंट पर डिपेंड करेगा।




# डीपफेक के मिसयूज से आपको रहना होगा कॉन्शस

तकनीक ने हमारे जीवन को जितना सुविधाजनक बनाया है, उसके दुरुपयोग ने कई खतरे भी बढ़ाए हैं। डीपफेक तकनीक का मिसयूज भी इन खतरों में से एक है। इससे बचने के लिए हम सभी का कॉन्शस रहकर तकनीक का यूज करना जरूरी हो गया है।

अवेयरनेस

डॉ. मोनिका शर्मा

किसी के भी चेहरे को लेकर एआई जनरेटेड कंटेंट बनाने की नकारात्मक प्रवृत्ति अब खूब देखने को मिल रही है। तकनीक के दुरुपयोग की यह मानसिकता व्यक्तिगत रूप से किसी इंसान की साख खराब करने के साथ ही आपराधिक घटनाओं का भी कारण बन रही है।

**किए जा रहे हैं रोकने के प्रयास:** डीपफेक के मिसयूज पर लगाम लगाने के लिए पिछले महीने लोकसभा में रेग्युलेशन बिल पेश किया गया। इस बिल का उद्देश्य लोगों के चेहरे का गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर लगाम लगाना है। इस बिल में किसी भी एआई जेनरेटेड सामग्री को इंटरनेट पर डालने से पहले उस व्यक्ति की अनुमति लेनी जरूरी होगी। साथ ही एआई जेनरेटेड कंटेंट के गलत इस्तेमाल को लेकर जुर्माने और सजा का प्रावधान किया जाएगा। तकनीक के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए अत्याधुनिक टेक्निकल टूल्स और कानून के साथ सेल्फ रेगुलेशन भी जरूरी है।



**तकनीक का करते हैं मिसयूज:** डीपफेक टेक्नीक के जरिए किसी फोटो में दूसरे का चेहरा लगाया जा सकता है। किसी वीडियो में दूसरी आवाज सेट कर दी जाती है। फेक चेहरा लगाने के बावजूद बिल्कुल असली लगने वाली इस एडिटिंग को मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से अंजाम दिया जाता है। रीयल लगने वाले ऐसे फेक वीडियो और ऑडियो को विशेष सॉफ्टवेयर की मदद से तैयार करने का खेल किसी भी इंसान की छवि बिगाड़ सकता है। इसमें ना केवल तस्वीर बिल्कुल असली लगती है, बल्कि वॉयस क्लोनिंग के माध्यम से आवाज भी हूबहू कॉपी की जा सकती है। इस तरह डीपफेक तकनीक के जरिए तैयार किए गए फेक कंटेंट का इस्तेमाल फाइनेंशियल और दूसरे कई तरह की धोखाधड़ी, सेलिब्रिटी पोर्नोग्राफी, पर्सनल या सोशल दुष्प्रचार, पहचान की चोरी जैसे गलत उद्देश्यों के लिए किए जाने के मामले सामने आए हैं। फोटो मॉर्फिंग कर एकदम रीयल लगने वाली अश्लील तस्वीरें बनाने से लेकर वीडियो में किसी और की आवाज कॉपी कर कुप्रचार करने तक अनगिनत खतरे हमारे सामने हैं। ऐसे में डीपफेक तकनीक से जुड़े खतरों का सामना करने के लिए आम यूजर्स में आत्मनियमन का भाव जरूरी है। तस्वीर हो या वीडियो, अपने जीवन का हर पहलू सोशल मीडिया में साझा करने से पहले सोचना जरूरी है। शेयर की जा रही सामग्री के बढ़ते दुरुपयोग पर लगाम लगाने में खुद यूजर्स की समझदारी भी मददगार बन सकती है।

**कंटेंट शेयरिंग में समझदारी:** किसी जमाने में पब्लिक प्लेटफॉर्म्स पर केवल चर्चित चेहरों के फोटो और वीडियो ही मौजूद होते थे। फिल्म, राजनीति या खेल की दुनिया के जाने-माने लोगों की आवाज या तस्वीरें ही वर्चुअल मंचों पर मिला करती थीं। स्मार्ट गैजेट्स की बढ़ती दखल के मौजूदा दौर में स्थितियां बदल गई हैं। सोशल मीडिया के बहुत से प्लेटफॉर्म्स पर चर्चित चेहरों के ही नहीं आम लोगों के भी आडियो, वीडियो और फोटोज मौजूद होते हैं। ऐसे में आम लोग भी तकनीक का दुरुपयोग करने वाले लोगों की विकृत मानसिकता के शिकार बन रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक ने आम और खास हर इंसान की चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। आए दिन एआई टेक्निक के दुरुपयोग के मामले सामने आ रहे हैं। न केवल डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं बल्कि नेगेटिव न्यूज, ऑडियो-वीडियो और अश्लील तस्वीरें फैलाने का काम भी किया जा रहा है। 2019 एआई फर्म डीपट्रेस ने इंटरनेट पर 15 हजार डीपफेक वीडियो का पता लगाया था। जिनमें 96 फीसदी पोर्नोग्राफी से जुड़े थे। समझना मुश्किल नहीं कि बीते छह-सात वर्ष में तकनीकी एडवांसमेंट भी बढ़ा है और आम लोगों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया जा रहा कंटेंट भी। ऐसे में फेक कंटेंट तैयार करने के मामलों में भी इजाफा हुआ है। जरूरी है कि यूजर पर्सनल कंटेंट शेयर करने में सतर्कता बरते। *



गजल

कृष्ण बिहारी

### तुम्हारी सोहबत में

बड़ी खुशबू मिली हमको तुम्हारी सोहबत में,
जड़ों से जुड़ गए देखो तुम्हारी सोहबत में।

मेरे कदमों की आहट गली भी जानती है,
उसे भी मिल रही शोहरत तुम्हारी सोहबत में।

सफर में मुश्किलें तो थीं मगर था हौसला भी,
सितारों तक पहुंच पाया तुम्हारी सोहबत में।


सादगी में कब ढंका है रूप का दरिया मगर,
आइने में उतर आया तुम्हारी सोहबत में।

जमाना भी कहां जाने ये किसकी ताकत है,
हिमालय तक उठा लाया तुम्हारी सोहबत में।

तपी थी दोपहर फिर भी मुकद्दर से मिली हमको
मुसीबत में घनी छाया तुम्हारी सोहबत में।

व्यंग्य / अशोक वाधवानी

### जीने के लिए खाना या खाने के लिए जीना



आमूमन मनुष्य कोई काम-धंधा करे या फिर नौकरी, यह कहना नहीं भूलता कि 'पापी पेट के लिए ये सब करना पड़ता है!' जबकि सच्चाई यह है कि पेट के लिए मनुष्य मुश्किल से 20-25 प्रतिशत ही खर्च करता है। बाकी आवश्यकताओं पर पेट से ज्यादा खर्च करना पड़ता है। ये और बात है कि इस तथ्य को लोग अपनी सहूलियत अनुसार सिरे से नकार देते हैं। खाने-पीने वालों की दो प्रजातियां पाई जाती हैं। पहले, जीवन जीने के लिए जितना जरूरी है, उतना ही नाप-तौल कर, ठोक-बजाकर खाते हैं। दूसरे, जो जी में आए, जब जी चाहे, जैसा भी मिले सहर्ष स्वीकारते हैं। शान से बताते हैं कि वे 'खाते-पीते' परिवार वाले हैं। उनका तर्क होता है कि जब तक जान है, हर तरह के खाद्य पदार्थों को चखना चाहिए। ऐसे लोग जिस तरह से हर खाने-पीने की चीजों को पेट के सुपुर्द करते हैं, उससे लगता है कि धरती पर खाने-पीने के लिए ही जन्मे हैं। अर्थात इन लोगों को दिन-रात खाने-पीने की ही चिंता सताती है। जीने के लिए जितना जरूरी है उतना खाने-पीने वाले लोग भी, कभी-कभार आकर्षक व्यंजनों को देखकर 'पिघल' जाते हैं। ऐसे लोग विवाह समारोह आदि जगहों पर इस कठोर नियम को अपनी सुविधा के लिए 'शिथिल' कर देते हैं, जिस तरह उड़ते पतंग को इच्छानुसार ढील दी जाती है। कई 'चटोरे-चटोरियां' पेट को प्रयोगशाला मानकर, हर तरह के सलाद, नमकीन, खट्टा, मीठा, तीखा, फीका, फल। सब कुछ एक के बाद एक पेट को अर्पण-समर्पण करते जाते हैं।


कुछ लोगों का नियम होता है कि सांझ ढलने के बाद दही, छाछ छूते नहीं हैं। अचार खाना तो दूर की बात है। ऐसे लोग इन बातों को नजरअंदाज करके इन जगहों पर ऐसी चीजों का भी स्वादानुसार सेवन करते हैं। मधुमेह वाले मजबूरन सिर्फ फीकी चाय पीना अनिवार्य समझते हैं। या फिर स्वाद के लिए 'शुगर फ्री' गोलियां डालकर पीते हैं। ऐसे लोग भी यहां आकर मीठी चीजें बड़े चाव से चखते हैं। किसी ने इस बाबत रोका-टोका तो खिसियाते हैं। खुलकर, बहाना बनाते कहते हैं, 'फलां व्यक्ति ने आग्रहपूर्वक जबरदस्ती प्लेट में डाल दिया है, वर्ना आप तो जानते ही हैं कि ये सब वर्जित है मेरे लिए।'

कइयों की दृष्टि में फल खाने का सही समय सुबह खाली पेट है। ज्यादा से ज्यादा नाश्ते या दोपहर के भोजन के पहले/बाद में फल खाना स्वास्थ्य के लिए हितकारक बताते हैं। ऐसों में से कुछ को रात के समारोह में तरह-तरह के फल खाते हुए देख सकते हैं। समारोह में घुसते ही कुछ लोग सारे स्टॉल पर नजरें दौड़ाकर सुनिश्चित करते हैं कि कौन-सा खाद्य पदार्थ 'टेस्टी' होगा। देखने के बाद तय करते हैं कि पहले, बीच में और अंत में क्या खाना श्रेयस्कर होगा?

जल्दी पहुंचने वाले कुछ रायता पहले ही खा लेते हैं। उन्हें पता होता है कि थोड़ी देर कर दी तो रायते को 'पतला' होने से कोई रोक नहीं सकता है। ऐसे समारोहों में पानी पूरी के स्टाल पर भारी भीड़ देखने को मिलती है। ऐसा प्रतीत होता है कि पानी पूरी दुनिया में अब कहीं और नहीं मिलेगा। बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग, स्त्री-पुरुष सभी हाथ में 'कटोरी' लिए हुए छीना-झपटी करते हुए दिखते हैं। कुछ अपनी बारी की प्रतीक्षा बड़ी बेसब्री से करते रहते हैं।

ऐसे ही एक कार्यक्रम में मुझसे चटोरेमल टकरा गए। उन्होंने अपने खाद्य ज्ञान की कई बातें बताईं। जैसे वे सबसे पहले आइसक्रीम खाते हैं। उसके बाद हल्का-फुल्का नाश्ता करके फिर आइसक्रीम खाना अपना कर्तव्य समझते हैं। भोजन बाद 'कार्यक्रम' समाप्ति की घोषणा अंतिम बार आइसक्रीम खाकर ही करते हैं। उन्होंने एक पते की बात बताई कि शौकीन होने पर भी आइसक्रीम कभी खरीदकर खाना जरूरी नहीं समझा।

मानव के रूप में कोई महामानव भी मिल सकते हैं जो कि पेट को 'पीड़ा' पहुंचाना नहीं चाहते हैं। इस तरह के उंगलियों पर गिने जाने वाले कुछ जापानी पद्धति 'हारा हचिबू' पर अमल करते हुए भूख से कम ही खाते हैं ताकि वे सदा चुस्त, दुरुस्त, तंदुरुस्त रहें। ऊंट के मुंह में जीरा समान ऐसे लोगों की थाली में सिर्फ दाल और चावल दिखता है। वे सब्जी तक नहीं खाते। ये महानुभाव दाल, चावल में ही संतुष्ट होते हैं। हालांकि ऐसी प्रजाति के लोग कम ही पाए जाते हैं। *



लघुकथा / सिराज अहमद

### उड़ान

काफी देर तक होमवर्क करते हुए सोहन बहुत थक और ऊब चुका था। मन बोझिल हुआ तो उसने कॉपी का पिछला पन्ना फाड़ा और अपनी कल्पनाओं को कागज पर उकेरने लगा। देखते ही देखते उसने उसमें रंग भरे और एक प्यारा सा कागज का हवाई जहाज तैयार कर लिया। जैसे ही उसने जहाज उड़ाने के लिए हाथ ऊपर उठाया, तभी कमरे में उसके पापा ने प्रवेश किया। हाथों में खिलौना देख पापा का पारा चढ़ गया। उन्होंने सोहन को जोर से डांटा और होमवर्क पूरा करने का आदेश देकर चले गए। सोहन सहम गया। थके हुए शरीर और बेमन से उसने अपना बचा हुआ होमवर्क पूरा किया। रात होने पर सोहन को खाना खिलाकर सुला दिया गया, क्योंकि सुबह स्कूल जाने के लिए जल्दी उठना था। देर रात जब पापा कमरे में आए, तो उनकी नजर सोहन के बेड के नीचे पड़े उसी कागज के हवाई जहाज पर पड़ी। उन्होंने झुककर उसे उठाया और गौर से देखा, तो उनकी आंखें सुखद आश्चर्य से भर गईं। वो महज एक खिलौना नहीं, कला का एक सुंदर नमूना था। एक सादे से पन्ने में सोहन ने रचनात्मकता के रंग भर दिए थे। उन्हें लगा कि यह केवल एक खिलौना नहीं, नन्हे कलाकार की उड़ान है। *

विज्ञापन...

## इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार




सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ-

**इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?**

सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

**सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?**

सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

**किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?**

डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजरनेरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

**जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है ?**

यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

**किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?**

15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

**एक डिस्क लेवल के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?**

स्पाइन सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 20000 तक में हो जाता है। विदेशों में इसका खर्च 50 गुना तक है।

**कितने समय में रोगी घर जा सकता है?**

एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

**इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?**

90 से 95% सफल है। अब तक लगभग 7,500 मरीज हमेशा के लिए ठीक हो चुके हैं। यह इंजेक्शन प्रॉब्लम साइट में लगाया जाता है।

**इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?**

इसमें जड़ से इलाज होता है।

**क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?**

नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

NBC@

**डॉ. प्रमोद पहारिया**
स्पाइन सर्जन

MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन- सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली

देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)

समय: दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक | व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें

सम्पर्क – 7354858466 | www.nonsurgicalspinecentre.in

# आपको रोमांच से भर देगी इन हिल स्टेशंस की सैर


गुलमर्ग

गर्मी के मौसम में हिल स्टेशंस की सैर तो आपने कई बार की होगी। लेकिन अगर सर्दियों में चिल्ड एडवेंचर फील करना चाहते हैं तो देश के अलग-अलग स्थानों में स्थित किसी हिल स्टेशन का रुख कर सकते हैं। ऐसे ही सात बेहद खूबसूरत हिल स्टेशनों के बारे में यहां बता रहे हैं।

टूरिस्ट डेस्टिनेशंस
समीर चौधरी


नैनीताल


ऊटी


दार्जिलिंग


कुर्ग (कोडगु)

आमतौर पर गर्मी के मौसम में राहत पाने के लिए ही लोग हिल स्टेशंस की यात्रा करना पसंद करते हैं। लेकिन कुछ लोग सर्दी के मौसम में बर्फबारी का रोमांच महसूस करने के लिए भी हिल स्टेशनों की सैर पर जाना पसंद करते हैं। ऐसे एडवेंचर लवर टूरिस्ट्स के लिए अपने देश में कई अमेजिंग हिल स्टेशंस हैं।

**पहाड़ों की रानी मसूरी:** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से लगभग 26 किमी. के फासले पर गढ़वाल हिमालय पर्वत श्रंखला की जड़ में स्थित है खूबसूरत हिल स्टेशन मसूरी। मसूरी को 'पहाड़ों की रानी' भी कहा जाता है। यह समुद्र की सतह से तकरीबन 6,565 फीट की ऊंचाई पर है। जाड़ों में यहां का मौसम ठंडा और आसमान में कुछ बादल छाए रहते हैं। दिसंबर से फरवरी तक बर्फबारी होती है, हालांकि हाल के वर्षों में बर्फबारी कम होने लगी है। मसूरी में बर्फबारी के अतिरिक्त भी देखने को बहुत कुछ है, जैसे- कैमल बैक रोड, लाल टिब्बा, गन हिल, केंपटी फाल्स, लेक मिस्ट, मसूरी झील, भट्टा फाल्स आदि। आप यहां यमुना घाटी में स्थित भद्रराज मंदिर के दर्शन भी कर सकते हैं, जोकि श्री कृष्ण के भाई बलराम को समर्पित मंदिर है। इसके पास में ही सैन्य छावनी लैंढोर, बार्लोगंज, झरीपानी कस्बे जैसी जगहें हैं, जो 'विस्तृत मसूरी' का ही हिस्सा माने जाते हैं।

**धुंध-कोहरे में छिपा नैनीताल:** उत्तराखंड के ही कुमाऊं क्षेत्र में एक अन्य खूबसूरत हिल स्टेशन है नैनीताल, जोकि देहरादून से 276 किमी के फासले पर है। नैनीताल जाड़ों में थोड़ा सूखा और गर्मियों में मानसून की वजह से काफी गीला रहता है। यहां नवंबर के मध्य से मार्च के मध्य तक जाड़े का मौसम रहता है। दिसंबर-जनवरी में यहां धुंध और कोहरा छाया रहना आम बात है। नैनीताल में कई दर्शनीय स्थल हैं, जैसे- नैना देवी मंदिर, नैनीताल जू, जामा मस्जिद, सेंट जॉन इन द वाइल्डरनेस चर्च, इको केव गार्डंस आदि।

**नीलगिरी पहाड़ियों में स्थित ऊटी:** तमिलनाडु की नीलगिरी पहाड़ियों में स्थित ऊटी हिल स्टेशन भी जाड़े के मौसम में घूमने लायक स्थान है। ऊटी में दक्षिण-पश्चिम व उत्तर-पूर्व दोनों मानसूनों से भारी वर्षा होती है, जिससे यहां का तापमान कभी-भी बहुत अधिक नहीं होता है। ऊटी में आज तक रिकॉर्ड किया गया अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस है, जो 30 अप्रैल 2024 को रिकॉर्ड किया गया था। ऊटी झील के पास स्थित बोट हाउस नौका विहार का अवसर प्रदान करता है, इसलिए यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र है। यहां के गवर्नमेंट बोटेनिकल गार्डन में पौधों की अनेक देशज और विदेशी प्रजातियां पाई जाती हैं। एल्क हिल की ढलान पर बने रोज गार्डन में गुलाबों की 20,000 से अधिक वैरायटी हैं। यह भारत के सबसे बड़े रोज गार्डंस में से एक है। यहां झील के किनारे ही एक डियर पार्क भी है।

**फूलों की वादी गुलमर्ग:** गुलमर्ग, जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में स्थित सुंदर हिल स्टेशन है, जो विख्यात पर्यटक स्थल और स्कीइंग डेस्टिनेशन है। 'फूलों की वादी' नाम से मशहूर गुलमर्ग में जाड़ों में जबरदस्त बर्फबारी होती है। गुलमर्ग एशिया के टॉप 10 स्कीइंग डेस्टिनेशंस में शामिल है। यहां अफरवत पहाड़ी की ढलान पर स्कीइंग के अतिरिक्त अन्य विंटर स्पोर्ट्स के लिए भी लोग जाते हैं। गुलमर्ग में विश्व का सबसे बड़ा इग्लू कैफे है। 2023 में यहां ग्लास इग्लू रेस्टोरेंट का भी निर्माण किया गया है।

**प्राकृतिक सुंदरता का संगम दार्जिलिंग:** पश्चिम बंगाल में प्राकृतिक सुंदरता व खूबसूरत चाय के बागानों से भरा-पूरा है दार्जिलिंग हिल स्टेशन। यह स्थान दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे (टॉय ट्रेन) के लिए भी विख्यात है, जिसकी सवारी के दौरान दुनिया के तीसरे सबसे ऊंचे पर्वत कंचनजंगा का मनोरम नजारा देखने को मिलता है। यहां ऑब्जर्वेटरी हिल पर स्थित महाकाल मंदिर, टाइगर हिल, हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टिट्यूट और बोटेनिक गार्डन जैसी जगहें भी पर्यटकों के लिए आकर्षण के केंद्र हैं। दार्जिलिंग तिब्बती, नेपाली और स्थानीय संस्कृति का मिश्रण है। यह हिमालयी उत्पादों का स्थानीय बाजार भी है।

**भारत का स्कॉटलैंड यार्ड कूर्ग:** 'स्कॉटलैंड ऑफ इंडिया' के नाम से मशहूर कर्नाटक में स्थित कूर्ग (कोडगु) अपनी शानदार प्राकृतिक सुंदरता के लिए विख्यात है, विशेषकर अपने विशाल, खुशबूदार कॉफी बागान, धुंध भरी हरी पहाड़ियों, झरनों, जैव विविधता और विशिष्ट कोडव संस्कृति के लिए। यहां शांत लैंडस्केप और एडवेंचर गतिविधियों जैसे ट्रेकिंग व रिवर राफ्टिंग का परफेक्ट संतुलन है। यहां ओमकारेश्वर मंदिर, तिब्बती नामद्रोलिंग मठ जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल भी हैं। यहां ऐतिहासिक मदिकेरी फोर्ट भी है।

**केरल का हिल स्टेशन मुन्नार:** केरल का हिल स्टेशन मुन्नार अपने टी प्लांटेशन, ठंडे वातावरण, एराविकुलम नेशनल पार्क और अनामुडी चोटी जैसी प्राकृतिक रूप से सुंदर जगहों के लिए विख्यात है। पश्चिमी घाटों की पहाड़ियों में स्थित यह ब्रिटिश राज का पूर्व रिजॉर्ट, हाईकिंग के लिए भी अच्छी जगह है। यहां के झरने और वाइल्डलाइफ भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। ✻



# कॉल फॉर्वर्ड स्कैम से बचें बदलें अपनी फोन सेटिंग्स

इन दिनों डिजिटल स्कैम के नए-नए तरीके सामने आते रहते हैं। इनमें से ही एक है कॉल फॉर्वर्डिंग स्कैम। इसके बारे में पता न होने पर आपका बैंक अकाउंट खाली हो सकता है। ऐसे में इस स्कैम और इससे बचने के तरीकों के बारे में आपको जरूर पता होना चाहिए।

प्रिकॉशन
वीरेंद्र बहादुर सिंह

हाल के सालों में देश में साइबर ठगी के मामलों में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। साइबर ठग नई-नई तरकीबें अपनाकर आम लोगों से लेकर अधिकारी और सेलिब्रिटीज तक को निशाना बनाकर पैसे ठग रहे हैं। ठग सिर्फ फेक लिंक या एप के जरिए ही नहीं, बल्कि मोबाइल के एक कॉमन फीचर का दुरुपयोग करके भी लोगों को फंसा रहे हैं। ठगों की इस नई चाल के सामने आने के बाद गृह मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाली संस्था इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर ने अलर्ट जारी किया है।

**समझें कॉल फॉर्वर्डिंग फीचर:** इस अलर्ट में बताया गया है कि साइबर ठग मोबाइल के कॉल फॉर्वर्डिंग फीचर को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इस फीचर के जरिए ठग पहले एक सामान्य कॉल या मैसेज करके ठगी की शुरुआत करते हैं। कई मामलों में ठग खुद को कूरियर कंपनी का कर्मचारी या डिलीवरी एजेंट बताकर कॉल करता है और कहता है कि आपके नाम से एक पार्सल आया है या डिलीवरी में कोई समस्या है।

विश्वास दिलाने के लिए वह एक मैसेज भी भेजता है और कहता है कि समस्या हल करने के लिए आपको एक नेक कोड डायल करना होगा। यहीं से ठगी की असली शुरुआत होती है। यह नेक कोड आमतौर पर 21, 61 या 67 से शुरू होते हैं। ठग की बातों में आकर यूजर बिना सोचे-समझे यह कोड डायल कर देते हैं, जिससे उनके फोन में कॉल फॉर्वर्डिंग एक्टिव हो जाती है। इसका मतलब यह होता है कि यूजर को आने वाली सभी कॉल किसी दूसरे नंबर पर फॉर्वर्ड होने लगती हैं।

**ऐसे होता है कॉल फॉर्वर्डिंग स्कैम:** संस्था के अनुसार, जब ठग इस तरह यूजर को फंसा लेते हैं तो उसके बाद यूजर को आने वाली सभी काल, स्कैमर के नंबर पर जाने लगती हैं। इसके कारण बैंक द्वारा किए जाने वाले वेरिफिकेशन कॉल, ओटीपी और अलर्ट सीधे उसके फोन पर पहुंच जाते हैं। इससे यूजर को भारी आर्थिक नुकसान होने का खतरा बढ़ जाता है।

**अगर कॉल फॉर्वर्ड हो जाए:** ओटीपी और वेरिफिकेशन कॉल ठग तक पहुंच जाने पर वह बैंक एकाउंट से लेकर व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया एकाउंट तक आसानी से हैक कर सकता है। कई मामलों में यूजर को तब पता चलता है, जब उसके एकाउंट से पैसे निकल चुके होते हैं या उसका सोशल मीडिया अकाउंट किसी और के कंट्रोल में चला जाता है।

**रहें सावधान:** इस नई तकनीकी ठगी की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इसमें न तो किसी लिंक पर क्लिक करने की जरूरत होती है और न ही कोई एप इंस्टॉल कराना पड़ता है। सिर्फ एक कोड डायल करने से ही यूजर बड़ी परेशानी में फंस सकता है। इसी कारण संस्था ने विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है, क्योंकि आमतौर पर लोग नेक कोड को खतरनाक नहीं मानते। लेकिन अब ठगों ने इन्हें भी हथियार बना लिया है। ✻

## मोबाइल में ऐसे बदलें सेटिंग




**संस्था** ने साफ कहा है कि अगर मोबाइल में काल फॉरवर्डिंग चालू होने का शक हो तो तुरंत '002' डायल करें। यह कोड सभी तरह की कॉल फार्वर्डिंग को बंद कर देता है और कॉल फिर से आपके फोन पर आने लगती हैं।

आज के समय में साइबर ठग पैसे ठगने के लिए लगातार नई तरकीबें अपना रहे हैं। ऐसे में किसी भी अनजान कॉल, डिलीवरी मैसेज या नेक कोड को बिना सोचे-समझे डायल करना भारी पड़ सकता है। इसलिए हमेशा सतर्क रहें।



हाल के महीनों से सोशल मीडिया पर एक प्यारी सी दिखने वाली डॉल 'लाबुबू' ट्रेंड कर रही है। इसकी प्यारी संरचना बच्चों को खूब लुभाती है। क्या है लाबुबू डॉल और कैसे हो गई यह इतनी पॉपुलर, आप भी जानिए।

# बच्चे-बड़ों सभी को लुभाती है क्यूट मॉन्स्टर डॉल लाबुबू

रोचक
शिखर चंद जैन

हाल के दिनों में लाबुबू डॉल ने पूरी दुनिया के करोड़ों बच्चों और बड़ों के दिलों में अपनी जगह बना ली है। इस डॉल ने जिस तेजी से लोकप्रियता अर्जित की है, उससे दुनिया भर के खिलौना विशेषज्ञ हैरान हैं। लाबुबू सिर्फ एक डॉल नहीं है बल्कि यह रहस्य और आकर्षण से भरपूर एक किरदार है, जो दुनिया भर के लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रही है।

**नॉर्डिक पौराणिक कथाओं से प्रेरित:** लाबुबू डॉल पहली बार 2015 में हांगकांग के आर्टिस्ट कासिंग लुंग की डॉल सीरीज 'द मॉन्स्टर्स' के एक भाग के रूप में सामने आई थी। कासिंग को इसकी प्रेरणा नॉर्डिक पौराणिक लोक कथाओं से मिली थी। नॉर्डिक लोककथाओं के कई विचित्र और अनोखे पात्रों को कासिंग ने 'द मॉन्स्टर्स' सीरीज के अंतर्गत प्रस्तुत किया। इनमें जिमोमो, टायकोको, स्पूकी, लाबुबू, पाटो आदि शामिल हैं। इन सबमें से अपने नुकीले कानों, चुटीली मुस्कान और तीखे दांतों के साथ लाबुबू डॉल इन दिनों सबसे ज्यादा पसंद की जा रही है। इसके क्रिएटर कासिंग लुंग ने भी नहीं सोचा होगा कि 10 साल बाद उनके बनाए डॉल की मांग और लोकप्रियता इतनी बढ़ जाएगी।

**वास्तव में क्या है लाबुबू:** लाबुबू एक शरारती स्वभाव वाला पात्र है। मूल नॉर्डिक कहानियों के अनुसार, लाबुबू असल में एक फीमेल कैरेक्टर है। वह अपने ऊंचे-नुकीले कानों, नौ नुकीले दांतों और अपनी चंचल अभिव्यक्ति से आसानी से पहचानी जा सकती है। कई अन्य काल्पनिक जीवों के विपरीत, लाबुबू की कोई पूंछ नहीं होती, जो उसे एक अलग पहचान देती है। पिछले कुछ वर्षों में, लाबुबू को 300 से ज्यादा रूपों में रिलीज किया गया है। प्रत्येक रूप अलग-अलग रंगों, आकारों और थीम के साथ सामने आए हैं। लाबुबू के हर नए संस्करण खूब पसंद किए जाते हैं।

**कासिंग लुंग-पॉप मार्ट की साझेदारी:** 2019 में कासिंग लुंग ने चीन की खिलौना निर्माता कंपनी पॉप मार्ट के साथ साझेदारी की। पॉप मार्ट एक अग्रणी वैश्विक खिलौना निर्माता कंपनी है और अपने संग्रहणीय खिलौनों के लिए जानी जाती है। इस साझेदारी के बाद कासिंग लुंग की 'द मॉन्स्टर्स' सीरीज की डॉल्स, खासतौर से लाबुबू लोगों के बीच कॉफी पॉपुलर होने लगी। लाबुबू की वी-1 और वी-2 सीरीज के अंतर्गत छह नियमित संस्करण और एक दुर्लभ 'गुप्त' संस्करण उपलब्ध है। वी-2 सीरीज में, गुप्त लाबुबू (डुओडुओ) अपनी आंखों में एक अनोखी चमक और प्यारी लाल नाक के साथ मिलती है। पॉप मार्ट ने लाबुबू को 'ब्लाइंड-बॉक्स' में बेचना शुरू किया। इस प्रारूप का अर्थ है कि डॉल खरीदने वाले को बॉक्स खोलने तक यह पता नहीं चलता कि उन्हें लाबुबू का कौन-सा संस्करण मिलेगा। इससे खरीदने वाले में सस्पेंस और एक्साइटमेंट बना रहता है, जिससे इस डॉल की बिक्री में काफी इजाफा हुआ।


लाबुबू के संग पॉप मार्ट के सीईओ वांग निंग

**कइयों का पसंदीदा लाबुबू पेंडेंट:** लाबुबू की लोकप्रियता सिर्फ डॉल्स तक ही सीमित नहीं है। यह पेंडेंट के रूप में भी मिलता है, जिन्हें दुनिया भर में लोग बैग चार्म्स के रूप में इस्तेमाल करते हैं। अलग-अलग थीम वाले ये मनमोहक चार्म्स विभिन्न रंगों में उपलब्ध हैं, इनके सिर, भुजाएं और पैर अडजस्टेबल हैं, जो इन्हें बैग पर लगाने या घर पर सजाने के अनुकूल बनाते हैं।



**सेलिब्रिटीज ने बढ़ाई लोकप्रियता:** अप्रैल 2024 में, कोरियन बैंड ब्लैकपिंक की लिसा ने विशाल लाबुबू डॉल वाली एक इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट की, जिसके बाद एक और स्टोरी आई जिसमें उन्होंने अपने बैग को लाबुबू चार्म से सजाया था। इसके बाद रिहाना और दुआ लीपा भी इस डॉल के साथ नजर आई थीं। इस प्रचार ने लाबुबू डॉल को पॉप प्रशंसकों और डिजाइनर खिलौना संग्राहकों के बीच पॉपुलर बना दिया। बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे सहित कई इंडियन सेलिब्रिटीज भी लाबुबू को अलग-अलग ढंग से कैरी करते दिखे, जिससे इसकी डिमांड अपने देश में भी बढ़ गई।

**सांस्कृतिक प्रतीक:** लाबुबू खिलौना संग्राहकों और कला प्रेमियों के बीच एक सांस्कृतिक प्रतीक बन गया है, जो आनंद, शरारत और रचनात्मकता को एक साथ रिप्रजेंट करता है। इसीलिए लाबुबू अधिकांश लोगों को पसंद आता है। लाबुबू महज एक आकृति या डॉल नहीं है। यह एक भावना है, एक स्मृति है, जो प्राचीन नार्वेडियन संस्कृति से जुड़ी है। ✻

## लाबुबू की मुख्य विशेषताएं



**नुकीले कान:** चुस्त और सतर्क लाबुबू के नुकीले कान इसे एक प्यारा लेकिन शरारती रूप देते हैं। लाबुबू के नुकीले कानों को देखकर बच्चों को खूब मजा आता है।

**तीखे दांत:** इसके छोटे नुकीले दांत पहली नजर में डरावने लग सकते हैं, लेकिन वे लाबुबू के आकर्षण को बढ़ाते हैं। ज्यादातर बच्चों को ये डरावने की बजाय प्यारे लगते हैं।

**बड़ी-भावपूर्ण आंखें:** अपनी बड़ी और भावपूर्ण आंखों के जरिए लाबुबू जिज्ञासा से लेकर शरारत तक की भावनाओं को व्यक्त करती है, जो इसके प्रशंसकों को लुभाता है।

**कॉम्पैक्ट आकार:** कुछ इंच लंबी, लाबुबू पॉकेट के आकार का टॉय फ्रेंड है, जिसे आप कहीं भी ले जा सकते हैं, किसी भी चीज में इसे जोड़ सकते हैं।

**विविध डिजाइन:** क्लासिक्स से लेकर थीम आधारित वेशभूषा तक हर मूड, अवसर के लिए बच्चे-बड़े सभी को यह पसंद आती है।

देश-विदेश के फेमस लोकेशंस पर तो फिल्मों की शूटिंग होती ही रहती है। लेकिन कुछ ऐसी बॉलीवुड फिल्में भी बनती रही हैं, जिनको ऑफबीट लोकेशंस या छोटे शहरों में शूट किया गया। ऑफबीट लोकेशंस पर शूट हुई फिल्मों पर एक नजर।

# छोटे-छोटे लोकेशंस पर हुई कई बड़ी फिल्मों की शूटिंग

फिल्म ट्रेंड
सरस्वती रमेश

बॉलीवुड में महानगरों और खूबसूरत विदेशी लोकेशंस पर फिल्में शूट करने का ट्रेंड शुरुआत से ही रहा है। आज भी अधिकांश निर्माता फिल्म बजट के अनुसार देश-विदेश के फेमस लोकेशन पर फिल्म शूटिंग जरूर करना चाहते हैं। लेकिन कई ऐसे भी फिल्म मेकर्स हुए हैं, जिन्होंने देश के छोटे शहरों या कहें दूर-दराज के किसी लोकेशन को फिल्म शूट के लिए चुना। ऐसी फिल्में भी दर्शकों ने खूब पसंद कीं, जिससे ये छोटी जगहें भी देश-विदेश में खूब चर्चित हुईं।

**चंदेरी:** किसी ब्लॉकबस्टर मूवी के सीन में अपने छोटे से शहर या कस्बे का पुल, हवेली, गलियां, रेलवे स्टेशन या इमारत दिख जाए तो मन हुलास से भर उठता है। बिल्कुल यही हुलास चंदेरी के लोगों में मन में भी तब उठा, जब उन्होंने अपने कस्बे में खुले पहले सिनेमा हॉल में लगी पहली ही फिल्म 'स्त्री' देखी। मध्य प्रदेश में बेतवा नदी के किनारे बसा एक छोटा-सा कस्बा है चंदेरी। यह कस्बा पहाड़ों, जंगलों और तालों की खूबसूरती और शांत-सुरम्य वातावरण के लिए जाना जाता है। 'स्त्री' सीरीज की फिल्मों की शूटिंग मुख्यतः चंदेरी में हुई। 'स्त्री' के अलावा यहां वरुण धवन और अनुष्का शर्मा स्टारर 'सुई धागा-मेड इन इंडिया' की भी शूटिंग हुई थी। चंदेरी अपनी साड़ियों के लिए भी मशहूर है। चंदेरी की भोली-भाली स्त्री के गेटअप के लिए अनुष्का शर्मा को चंदेरी की ही साड़ी पहनाई गई थी।


फिल्म 'स्त्री' से लाइमलाइट में आया चंदेरी


**मांडवा और मंडावा:** सुनने में दोनों एक जैसे नाम हैं लेकिन ये दोनों जगहें एक-दूसरे से काफी दूर हैं। मांडवा महाराष्ट्र के रायगढ़ का एक गांव है, जबकि मंडावा राजस्थान के झुंझुनू का एक कस्बा है। मांडवा को फिल्म प्रेमी अमिताभ बच्चन और ऋतिक रोशन अभिनीत 'अग्निपथ' फिल्म सीरीज के कारण ज्यादा जानते हैं। हालांकि ऋतिक की 'अग्निपथ' में दिखाए गए दृश्य असल में मांडवा के न होकर खूबसूरत दीउ द्वीप के हैं।

राजस्थान का मंडावा, आधुनिक जीवनशैली और विकास की चमक-दमक से दूर अपनी हवेलियों, किलों के लिए मशहूर है। पिछले एक दशक में यहां दर्जनों हिट फिल्में शूट हो चुकी हैं। मंडावा की शानदार स्नेही राम लाडिया हवेली में 'पीके', 'बजरंगी भाईजान', 'लव आजकल', 'जब वी मेट', 'शुद्ध देसी रोमांस', 'कच्चे धागे', 'दिल्ली चलो' जैसी फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। 180 साल पुरानी इस हवेली की दीवारों पर चित्रकारी मुगल, पर्शियन और इंडियन आर्ट के समावेश से की गई है। यही कारण है कि कबीर खान जब 'बजरंगी भाईजान' में पाकिस्तान की गलियों का सीन दिखाना चाहते थे तो मंडावा में शूटिंग के लिए आए।


'बजरंगी भाईजान' में दिखा मंडावा

**सेंट पॉल स्कूल:** दार्जिलिंग के जलपहार में स्थित सेंट पॉल स्कूल वही स्कूल है, जहां शाहरुख खान की सुपरहिट फिल्म 'मैं हूं न' की शूटिंग हुई थी। समुद्र तल से 7800 फीट की ऊंचाई पर स्थित सेंट पॉल स्कूल को दुनिया में सबसे ऊंचाई पर स्थित स्कूल माना जाता है। स्कूल से दिखने वाली कंचनजंगा की पहाड़ियां और स्कूल बिल्डिंग का बेहतरीन आकिर्टेक्चर फिल्म निर्माताओं को यहां खींच लाता है। यहां शूटिंग की परंपरा काफी पुरानी है। बी. आर. चोपड़ा की 'हमराज', राजकपूर की 'मेरा नाम जोकर', दुलाल गुहा की 'दो अनजाने', प्रियंका चोपड़ा, रणबीर कपूर स्टारर 'बर्फी' जैसी फिल्मों के अहम हिस्से यहां फिल्माए गए हैं।

**महेश्वर घाट:** नर्मदा की चंचल लहरों के किनारे स्थित इंदौर का खूबसूरत महेश्वर घाट कई सुपरहिट फिल्मों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। फिल्म 'पैडमैन' के अनेक दृश्य इस घाट पर फिल्माए गए हैं। यही नहीं कंगना रनोट अभिनीत फिल्म 'मणिकर्णिका' के कई महत्वपूर्ण दृश्य भी यहां फिल्माए गए। 'दबंग-3' का टाइटल सांग, 'नीरजा' और 'बाजीराव मस्तानी' के भी कुछ दृश्य यहां शूट हुए।


महेश्वर घाट में हुई 'पैडमैन' की शूटिंग


पटौदी पैलेस में फिल्माई गई 'एनिमल'

**पटौदी पैलेस:** हालिया रिलीज फिल्म 'एनिमल' की शूटिंग गुरुग्राम स्थित पटौदी पैलेस में हुई थी। फिल्म में दिखाया गया रणबीर कपूर का घर असल में पटौदी पैलेस ही है। यश चोपड़ा की सुपरहिट फिल्म 'वीर-जारा' की शूटिंग भी पटौदी पैलेस में ही हुई थी। 'मंगल पांडेः द राइजिंग' का एक बड़ा हिस्सा शूट करने के लिए पटौदी हाउस को चुना गया था। इसके अलावा 'गांधी माय फादर', 'मेरे ब्रदर की दुल्हन', 'तांडव' जैसी कई फिल्में भी यहां फिल्माई गईं।


सेंट पॉल स्कूल में हुई 'मैं हूं न' की शूटिंग

**कुछ अन्य ऑफबीट फिल्मी लोकेशंस:** 26/11 के आतंकी हमलों पर आधारित फिल्म 'फैंटम' को पंजाब के एक गांव मलेरकोटला में शूट किया गया है। कानपुर के बिठूर, काकादेव, शिवाला, माल रोड, मोतीझील, भैरव घाट में भी कई फिल्में शूट हो चुकी हैं। महाराष्ट्र के वाई गांव में चर्चित फिल्म 'स्वदेश' की शूटिंग हुई थी। 'दबंग' फिल्म में वाई गांव को उत्तर प्रदेश के लालगंज के रूप में दिखाया गया है, जबकि 'स्वदेश' फिल्म में यह उत्तर प्रदेश के चरणपुर के रूप में दिखाया गया था। ✻